RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 182 , शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 ☎ 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


मियांपुर-दुबौलिया में गूंजे देशभक्ति के तराने, तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब 03


अलीगंजः हर घर तिरंगा अभियान' को लेकर पैक्स गोदाम में बैठक 04

मालामाल वीकली 2 की टोली में शामिल हुई शिल्पा शिरोडकर... 07

**संक्षिप्त समाचार**

## आकाशदीप-मुकेश की डीएसपी नौकरी पर 5 साल की शर्त

### दोनों को 5 साल क्रिकेट खेलना होगा, नियम तोड़ने पर सेवा पर पड़ सकता है असर

**पटना (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में तेज गेंदबाज आकाश दीप और मुकेश कुमार को बिहार पुलिस में डीएसपी बनाए जाने के बाद अब सरकारी सेवा को लेकर नई शर्त सामने आई है। गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, दोनों क्रिकेटरों को 5 साल का बॉन्ड भरना होगा। इस अवधि में उन्हें सक्रिय क्रिकेट खिलाड़ी के तौर पर टूर्नामेंट में हिस्सा लेते रहना अनिवार्य होगा। उन्हें विभिन्न क्रिकेट टूर्नामेंट में सक्रिय खिलाड़ी के तौर पर हिस्सा लेना होगा। यदि वे बॉन्ड में तय शर्तों का पालन नहीं करते हैं या क्रिकेट खेलना पूरी तरह छोड़ देते हैं, तो उनकी सरकारी सेवा पर असर पड़ सकता है।



**पांच साल तक क्रिकेट से जुड़े रहना होगा-** बिहार सरकार के 2026 डायरेक्ट रिक्रूटमेंट ऑफ आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्सपर्सन रेगुलेशन के तहत, नियुक्त खिलाड़ियों को नौकरी जॉइन करने की तारीख से पांच साल तक ऐक्टिव खिलाड़ी के तौर पर कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेना होगा। सरकारी नौकरी में रहते हुए खेलों में अपनी भागीदारी बनाए रखना जरूरी है। इसका मतलब है कि अगर कोई खिलाड़ी तय शर्तों के मुताबिक खेल कॉम्पिटिशन में ऐक्टिव रूप से हिस्सा नहीं ले पाता है तो मदद मुश्किल है।

## प्रियंका के गोमूत्र वाले बयान के खिलाफ ऑनलाइन मुहिम

### समर्थन में 38 देशों के साइंटिस्ट समेत 14 हजार लोग साथ आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटी को 'गोमूत्र एक्सपर्ट' बताने वाले प्रियंका गांधी के बयान पर विवाद बढ़ गया है। उनके खिलाफ एक ऑनलाइन मुहिम शुरू की गई है। इसे 13 अगस्त सुबह 9 बजे तक 14 हजार लोगों का समर्थन मिल चुका है। यह मुहिम शुरू की गई है। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम



बिड़ला से मामले का संज्ञान लेने की मांग की गई है। साथ ही, प्रियंका से कमेंट वापस लेने और माफी की मांग की गई है। 38 से ज्यादा देशों में रह रहे भारतीय वैज्ञानिकों ने भी इसका समर्थन किया है। दरअसल, एंटी पेपर लीक बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रियंका ने आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी का नाम लिए बिना कहा था, सरकार की बनाई नई कमेटी में एक्स-आईबी चीफ, आईटी कंपनी के मालिक और गोमूत्र के विशेषज्ञ हैं। गोमूत्र विशेषज्ञ को शिक्षा के बारे में क्या पता होगा।

## राहुल गांधी ने हाईकोर्ट के आदेश को दी 'सुप्रीम' चुनौती

- आय से अधिक संपत्ति के आरोप की सीबीआई-ईडी जांच के निर्देश का है मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोपों की जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को दिए गए निर्देशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राहुल गांधी ने मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट से दिल्ली हाईकोर्ट स्थानांतरित करने की मांग करते हुए अलग से ट्रांसफर याचिका भी दाखिल की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ इन पर 17 अगस्त को सुनवाई करेगी। मामला कर्नाटक के बीजेपी कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी के पास उनकी आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में अधिक संपत्ति है। शिकायत पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मई में सीबीआई और ईडी को आरोपों का कानून के मुताबिक सत्यापन करने को कहा था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि यदि याचिकाकर्ता की शिकायत प्राप्त हुई है तो उसमें लगाए गए आरोपों का कानून के अनुसार सत्यापन किया जाए।



## पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर पर नांदेड़ में हमला

- सुखबीर बादल पर निहंग ने गुरुद्वारे में कृपाण मारी

**नांदेड़ (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व डेप्युटी सुखबीर सिंह बादल पर नांदेड़ में जानलेवा हमला हुआ है। उन पर हमला सचखंड गुरुद्वार के पास हुआ है। इसमें उनके एक सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। मौके पर सुरक्षा बल के जवान पहुंच गए हैं। अभी हमले की वजह सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि सुखबीर सिंह बादल को अस्पताल ले जाया गया है। साथ ही उनके घायल सुरक्षाकर्मी को भी ले जाया गया गया है। महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर हमला हुआ। निहंगों के हमले में घायल अकाली नेता को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। सुखबीर बादल परिवार के साथ नांदेड़ में माता साहेब गुरुद्वारा दर्शन के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि उन पर चाकू से हमला हुआ है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बता दें यह दूसरी बार ऐसा हुआ है, जब शिरोमणि अकाली दल नेता पर हमला हुआ है। दिसंबर 2024 में भी गोल्डन टेंपल में सेवा के दौरान जानलेवा हमला हुआ था।



## संसद का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

- आखिरी दिन लोकसभा 1 मिनट, राज्यसभा 1 घंटे चली
- मोदी-शाह और राहुल सदन में मौजूद रहे, विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली। लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन एमएमडीआर संशोधन बिल पास हुआ।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया। लोकसभा में 114 घंटे में से 96 घंटे काम नहीं हुआ मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। सदन की सामान्य बैठक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होती है। दोपहर 1 से 2 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। यानी एक दिन में करीब 6 घंटे कार्यवाही का समय होता है। इस हिसाब से 19 बैठकों में करीब 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन यह करीब 17 घंटे 30 मिनट ही चली। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कम कार्यवाही हुई। वहीं, 2025 का मानसून सत्र 21 अगस्त 2025 तक चला था।

### मानसून सत्र में 12 नए बिल पेश, 11 दोनों सदनों में पास

2026 के मानसून सत्र में कुल 12 नए बिल पेश किए गए। इनमें 10 लोकसभा और 2 राज्यसभा में पेश हुए। लोकसभा में आए बिल टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परीक्षा में नकल रोकने, केरल का नाम बदलने और सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। माइंस एंड मिनरल्स संशोधन बिल के राज्यसभा से पास होने के बाद अब 12 में से 11 बिल दोनों सदनों से पास हो चुके हैं। केवल भारतीय सांख्यिकी संस्थान बिल अभी दोनों सदनों से पास नहीं हुआ है। राज्यसभा में पेश किए गए दोनों बिल भी लोकसभा से पास हो चुके हैं।

- मिशन 2027 में जुटी यूपी की बीजेपी सरकार

## प्रदेश की महिलाओं को 50-50 हजार रुपए देने की तैयारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी सरकार विधानसभा चुनाव से पहले महिला वोटबैंक को साधने के लिए बड़ी योजना लागू कर सकती है। इसके तहत 50 लाख से ज्यादा महिलाओं को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। चुनाव से पहले 20 हजार रुपए की पहली किस्त दी जाएगी। चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनने पर 10-10



हजार रुपए की 3 किस्तें दी जाएंगी। सरकार में योजना को लेकर मंथन शुरू हो गया है। चुनाव अगले साल जनवरी-फरवरी में हो सकते हैं। दरअसल, पिछले साल बिहार विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भाजपा की नजर अब यूपी पर है। बिहार में चुनाव से ठीक पहले महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपए भेजे गए थे। उसी तर्ज पर यूपी में भी योजना शुरू की जाएगी। योगी सरकार जेन-जी आंदोलन के बीच वोटबैंक को साधने के लिए महिला सहायता, स्वरोजगार और आर्थिक स्वावलंबन के लिए योजना लाने की तैयारी में है। महिला कल्याण विभाग देखेगा।

### गेमचेंजर होगी महिलाओं की योजना

सरकार के लोगों का मानना है कि महिलाओं को नकद प्रोत्साहन की योजना विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित हो सकती है। इस तरह की योजना सबसे पहले मध्यप्रदेश, फिर महाराष्ट्र और बिहार विधानसभा चुनाव में लागू की गई थी। उन योजनाओं के कारण वहां भाजपा की सरकार बनी थी। बिहार में महिलाओं को नकद सहायता देना पड़ा था।

## टाटा संस में चंद्रशेखरन की जगह ले सकते हैं नरेंद्रन

- चेयरमैन की रेस में टाटा स्टील के एमडी सबसे आगे



**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के अचानक इस्तीफे के बाद नए उत्तराधिकारी की तलाश शुरू हो गई है। सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट ने आज 13 अगस्त को एक प्रस्ताव पास कर 5 सदस्यीय सिलेक्शन कमेटी गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पद की रेस में टाटा स्टील के मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन का नाम सबसे आगे है। नरेंद्रन 1988 से टाटा ग्रुप से जुड़े हुए हैं। उनका पूरा करियर टाटा स्टील में ही रहा है। चंद्रशेखरन ने भले ही इस्तीफा दे दिया हो लेकिन वे फरवरी 2027 तक टाटा संस के चेयरमैन पद पर बने रहेंगे। यानी वे अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। इस वजह से टाटा संस के पास नया प्रमुख को चुनने और उनके स्मूथ ट्रांजेक्शन की योजना बनाने के लिए लगभग 6 महीने का वक्त है।

## काशी में घाट डूबे | अंतिम संस्कार के लिए घंटों इंतजार

- उत्तराखंड में हादसा, देहरादून और टिहरी में लैंडस्लाइड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने से बुधवार को 20 राज्यों में अच्छी बारिश हुई। अगले 4 दिनों तक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 15 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के बनारस में घाटों की सीढ़ियों तक पानी पहुंच गया है। हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह स्थल डूब गया है। घाट की ऊपरी सीढ़ियों पर चिताएं जलाई जा रही हैं। लोगों को 2 से 3 घंटे तक शव का अंतिम संस्कार कराने



के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्नाव मे सड़क पर नाव चलानी पड़ी। राजस्थान के 5 से ज्यादा जिलों में बुधवार को तेज बारिश हुई। जयपुर में 4 घंटे से ज्यादा पानी बरसा। पानी से भरे गड्ढे के कारण बस पलट गई। बारिश और पेड़ गिरने से शहर के ज्यादातर हिस्सों में ट्रैफिक जाम रहा। उधर, उत्तराखंड के देहरादून-मसूरी मार्ग पर लैंडस्लाइड के चलते मलबा सड़क पर आ गिरा। इससे दोनों ओर करीब 10 किमी लंबा जाम लग गया।

### एमपी के शिवपुरी-श्योपुर में तेज बारिश

मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्से को तरबतर करने के बाद अब मानसून का स्ट्रॉन्ग सिस्टम पूर्वी हिस्से में एक्टिव होगा। शुक्रवार से जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में 3 दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इससे पहले आज गुरुवार को शिवपुरी-श्योपुर में तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 24 घंटे में इन दोनों जिलों में 4 इंच या इससे ज्यादा पानी गिर सकता है।

## कांग्रेस, टीएमसी-सपा ने स्पीकर की चाय पार्टी छोड़ी

### बिरला के बुलावे पर इंडिया ब्लॉक से सिर्फ कनिमोझी पहुंचीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद चाय पार्टी हुई। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला की ओर से आयोजित पार्टी में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसद शामिल नहीं हुए। कांग्रेस नेता ने बताया कि कांग्रेस, सपा, टीएमसी और इंडिया ब्लॉक के कई अन्य दलों के नेता कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। हालांकि, डीएमके नेता कनिमोझी लोकसभा स्पीकर की पारंपरिक चाय पार्टी में शामिल हुईं। वहीं, राज्यसभा में विपक्षी नेताओं ने शिरकत की।

## अलकायदा ने कराया था दिल्ली का लाल किला ब्लास्ट

- यूएन की रिपोर्ट में दावा, हाथ होने का हुआ बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लाल किले के पास हुए धमाके में अलकायदा से जुड़े संगठन का हाथ था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 38वीं रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 10 नवंबर 2025 की शाम लाल किले के पास हुए इस धमाके में 11 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक अलकायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट ने इस धमाके को अंजाम दिया। इसमें कहा गया है कि अलकायदा अब छोटे-छोटे सेल के जरिए काम कर रहा है और उसने अपना लॉजिस्टिक्स, फाइनेंशियल नेटवर्क भी तैयार कर लिया है।

### बांग्लादेश में आतंकी सेल बनाने की कोशिश

एनआईए की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सेंक्शंस मॉनिटरिंग टीम की यह रिपोर्ट 10 अगस्त को जारी की गई। इसमें कहा गया है कि अलकायदा अब बिखरे हुए छोटे आतंकी संगठन की बजाय एक क्षेत्रीय आतंकी नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है। संगठन ने अपना लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल नेटवर्क तैयार कर लिया है और अब बड़े समूहों के बजाय छोटे-छोटे, अलग-अलग सेल के जरिए काम कर रहा है।

## छात्र प्रदर्शन मामले में झारखंड में 600 एफआईआर

- पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ने और झड़प मामले में बढ़ी सख्ती
- बीजेपी के युवा कार्यकर्ताओं पर शिकंजा, 20 दिन से धरना

**रांची (एजेंसी)।** जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन के अगले चरण को लेकर रांची जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वहीं पिछले दिनों हंगामे के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रांची में पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ने और झड़प के मामले में करीब 600 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें करीब 100 लोग नामजद हैं। वहीं, लगभग 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि नामजद लोगों में ज्यादातर बीजेपी के युवा कार्यकर्ता हैं। एफआईआर के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश कर रही है। साथ ही प्रदर्शन के दौरान हुई घटनाओं की जांच भी की जा रही है।

उधर, आंदोलनकारी छात्रों ने 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की तैयारी की है। हालांकि आंदोलित छात्रों ने औपचारिक तौर पर इसका ऐलान नहीं किया है, लेकिन खुफिया इनपुट के मद्देनजर कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास और आसपास के इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। तमाम सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। **सीएम हाउस की सुरक्षा में अतिरिक्त सशस्त्र जवानों की तैनाती-** मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा में 100 से अधिक अतिरिक्त सशस्त्र जवानों को लगाया गया है।



इनमें झारखंड जगुआर और झारखंड आर्म्ड पुलिस के जवान शामिल हैं। सूचना भवन चौक से राम मंदिर चौक तक बैरिकेडिंग कर सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री आवास के आसपास करीब 500 मीटर के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया गया है।

### पूरे इलाके पर ड्रोन कैमरों से निगरानी

सुरक्षा कारणों से सूचना भवन से एटीआई की ओर जाने वाले मार्ग को भी बंद किया गया है। पूरे इलाके पर ड्रोन कैमरों से निगरानी रखे जाने की जानकारी है। सुरक्षा इंतजामों के कारण कांके रोड पर यातायात भी प्रभावित हुआ है। मोराबादी और कचहरी चौक की ओर से आने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है। छात्रों का आंदोलन करीब 20 दिनों से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में जारी है।

### 10 अगस्त को हुआ था टकराव

आंदोलनकारी जेपीएससी और जेएसएससी की विवादित भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच समेत परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं। छात्रों की प्रमुख मांगों में जेपीएससी सिविल सेवा और जेएसएससी-सीजीएल परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की सीबीआई जांच शामिल है। 10 अगस्त को छात्रों ने विधानसभा घेराव किया था। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ था। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया था। बाद में लाठीचार्ज भी हुआ। इस कार्रवाई के बाद आंदोलनकारी छात्रों ने अपना आंदोलन और तेज करने का ऐलान किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनपुर रेल मंडल में निकली तिरंगा यात्रा, रेलकर्मियों ने दिया राष्ट्रभक्ति का मैसेज, हर घर तिरंगा फहराने की अपील

**हाजीपुर**। सोनपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय रेल द्वारा चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को सोनपुर रेल मंडल में तिरंगा यात्रा और प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर, श्री अमित सरन ने किया। इस तिरंगा यात्रा में सोनपुर मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। रेलकर्मियों ने इस दौरान देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति



का संदेश दिया। उन्हें और उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों, कार्यालयों तथा प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्र के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और एकजुटता की भावना व्यक्त करने का अवसर है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। सोनपुर मंडल ने अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों से इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की। साथ ही, आसपास के लोगों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्रीय एकता, अखंडता, गौरव और देशभक्ति का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सोनपुर मंडल ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाएं। इससे राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता व्यक्त होगी।

### चोरी की बाइक के साथ 2 चोर गिरफ्तार, हाजीपुर में स्थानीय लोगों ने दोनों को मारपीट कर किया घायल

**हाजीपुर**। हाजीपुर के गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र स्थित सदुल्लापुर चांदनी स्कूल के पास स्थानीय लोगों ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पटना जिले के दो युवकों को पकड़ा। भीड़ ने दोनों की पिटाई की और बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर डॉक्टर कॉलोनी निवासी सूरज कुमार और अभय कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई है। गंगाब्रिज थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज की। इसके उपरांत उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह मोटरसाइकिल सदुल्लापुर निवासी धर्मेंद्र कुमार के दरवाजे से 8 अगस्त को चोरी हुई थी। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह गाड़ी उनके रिश्तेदार अमित कुमार की थी, जिसका उपयोग वह स्वयं कर रहे थे। मोटरसाइकिल के आवश्यक कागजात अमित कुमार से मिलने में देरी के कारण चोरी की तत्काल प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई जा सकी थी। धर्मेंद्र कुमार के अनुसार, 11 अगस्त की सुबह जब वह अपने खेत सादुल्लापुर दियारा में जनेरा लाने गए थे, तो उन्होंने सदुल्लापुर चांदनी स्कूल के पास दो व्यक्तियों को उसी मोटरसाइकिल पर करणपुरा की ओर आते देखा। उन्हें देखते ही दोनों युवक घबराकर भागने लगे। धर्मेंद्र ने दौड़कर उन्हें रोका और पूछताछ की, जिस पर उन्होंने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है और उनके दरवाजे से ही चुराई गई थी। बाद में अमित कुमार को बुलाकर मोटरसाइकिल की पहचान सुनिश्चित की गई। पकड़े जाने के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने दोनों चोरों की पिटाई कर दी। इस मारपीट में सूरज की आंख के नीचे चोट आई, जबकि अभय कुमार उर्फ गोलू के पैर और शरीर पर चोटें लगीं। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को दोनों आरोपियों को सौंप दिया गया।

### स्कूल से लौट रही छात्रा से छेड़खानी-मारपीट, विरोध करने पर सिर पर किया हमला, आरोपी फरार

**हाजीपुर**। लालगंज के नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-05 में स्कूल से घर लौट रही एक छात्रा से छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि भगवान शंकर उच्च विद्यालय से छुट्टी के बाद लौट रही छात्रा से एक युवक ने छेड़खानी की। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी ने उससे मारपीट की। साथ जा रही सहेलियों ने बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी हमला किया गया। इसी दौरान एक राहगीर ने बीच-बचाव कर छात्रा को बचाया। मारपीट में छात्रा के सिर में चोट लगी है। उसे लालगंज रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया। सिर की चोट की गंभीरता को देखते हुए वहां सीटी स्कैन कराया जाएगा। आरोपी युवक की पहचान नीतीश के रूप में हुई है, जो घटना के बाद से फरार है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी आसपास के इलाके का निवासी है और अक्सर लड़कियों पर फब्तियां कसता था। छात्रा की सहेली, जो घटना की चश्मदीद है, ने बताया कि आरोपी की हरकतों



का पहले भी कई बार विरोध किया गया था। गुरुवार को छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए उसका विरोध किया तो युवक ने गुस्से में आकर उससे मारपीट की और उसके सिर पर मुक्के व थप्पड़ से कई वार किए। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि घटना की सूचना देने के करीब 45 मिनट बाद पीसीआर वाहन मौके पर पहुंचा। लोगों का कहना है कि स्कूल की छुट्टी के समय पुलिस गश्ती या पीसीआर वाहन की व्यवस्था होने से असामाजिक तत्व ऐसी घटनाओं को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करेंगे। स्थानीय लोगों ने लालगंज में बढ़ते नशे और इससे जुड़ी असामाजिक गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और स्कूल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले ठेकेदार की हत्या, जान बचाने के लिए भागे तो पीछा कर अपराधियों ने मारी 4 गोली

**हाजीपुर**। वैशाली में गुरुवार को मॉर्निंग वॉक के दौरान ठेकेदार की 4 गोली मारकर हत्या कर दी गई है। ठेकेदार की पहचान रामनरेश राय के तौर पर हुई है। हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें रामनरेश राय सड़क पर टहलते दिख रहे हैं। इसी दौरान 2 बाइक से 4 अपराधी आते हैं, उनके सामने बाइक रोकते हैं। अपराधियों को देख रामनरेश राय बचने के लिए कच्चे रास्ते से भागते हैं। तभी 2 अपराधी उनके पीछे भागते हैं और करीब से गोली मारकर वापस आ जाते हैं। महज 30 सेकेंड में वारदात को अंजाम देखकर अपराधी बाइक से फरार हो गए। घटना हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र स्थित दिग्घी गांव की है। रामनरेश राय एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में ठेकेदारी करते थे। वो आज सुबह 5.15 बजे वॉक के लिए निकले थे। वो घर से करीब 200 मीटर दूर तालाब के पास पहुंचे ही थे तभी 2 अपाचे बाइक पर सवार होकर 4 बदमाश आए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। रामनरेश राय को 4 गोली लगी। वो जमीन पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने रामनरेश राय को हिलाया-डुलाया, लेकिन तब तक ठेकेदार ने दम तोड़ दिया था। रामनरेश राय अपने माता-पिता के साथ दिग्घी स्थित घर में रहते थे। उनकी पत्नी पटना में रहकर अपने बच्चे की पढ़ाई कराती थीं। उनका एक बेटा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामनरेश ने अपनी दुकान लीज पर दी थी, उसकी सड़क मुकेश राय की जमीन से होकर जाती थी। मुकेश राय का कहना था कि रास्ते से आना-जाना है तो रंगदारी दो, नहीं तो रास्ते से जाने नहीं देंगे। 50 लोगों के सामने आरोपी और उसके परिजनों ने धमकी देते हुए कहा था- छोटे-मोटे ठेकेदार हो, मेरे सामने टिक नहीं पाओगे। वैशाली SP शुभांक मिश्रा ने घटना की पुष्टि की है। एसपी ने बताया, गुरुवार सुबह घर के पास ठेकेदार मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान 2 बाइक से 4 लोग आए और फायरिंग करके फरार हो गए। रामनरेश राय की 4 गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। FSL की टीम जांच के लिए पहुंची है, घटनास्थल से सबूत जुटाए गए हैं।

# अवैध बालू खनन, शराब और मारपीट मामले में 6 गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना पुलिस ने अवैध बालू खनन, शराब कारोबार और मारपीट के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिहटा थाना पुलिस ने अवैध बालू खनन और कारोबार के मामले में फरार चल रहे तीन ट्रैक्टर चालकों को पकड़ा है। वहीं, शराब और मारपीट के मामलों में वर्षों से फरार तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तनु कुमार, जितेंद्र कुमार, शैलेश कुमार, सुरेंद्र यादव, देवसहाय राय और अमरजीत कुमार के रूप में हुई है।

**छापेमारी में 3 ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार हो गए थे**: दो दिन पहले जिला खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बिहटा थाना क्षेत्र के केल्हनपुर गांव स्थित बालू घाट पर छापेमारी की थी। इस दौरान अवैध बालू खनन और कारोबार में इस्तेमाल किए जा रहे तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए थे। कार्रवाई के दौरान



तीनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**2014 से शराब मामले में फरार था सुरेंद्र यादव**: पुलिस ने शराब कारोबार से जुड़े एक मामले में वर्ष 2014 से फरार चल रहे सुरेंद्र यादव को भी गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। सुरेंद्र यादव पर अवैध शराब कारोबार का आरोप था। इसके अलावा, मारपीट के एक मामले में वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपियों को

❑ **बिहटा में 3 ट्रैक्टर चालक, 2014 से फरार शराब कारोबारी, 2 अन्य अपराधी भी पकड़े गए**

बिहटा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव से पकड़ा गया है। इनकी पहचान देवसहाय राय और अमरजीत कुमार के रूप में हुई है।

**फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम कर रही छापेमारी**: बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में शराब और मारपीट के मामलों में वर्षों से फरार तीन आरोपियों को बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध बालू खनन और कारोबार के खिलाफ कार्रवाई के दौरान फरार हुए तीन ट्रैक्टर चालकों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## हाइड्रा ने बस को मारी टक्कर, नीचे गिरे 2 यात्री, खुसरूपुर में एक की मौत

एजेंसी, पटना

पटना में गुरुवार को NH-30 पर तेज रफ्तार हाइड्रा गाड़ी (क्रेन) ने एक बस में टक्कर मार दी। इस दौरान चलती बस के उपर बैठे दो लोग नीचे आ गिरे। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल, घायल की पहचान नहीं हो सकी है। घटना खुसरूपुर थाना क्षेत्र में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बस से बाबा धाम से छपरा की ओर सभी जा रहे थे। तभी खुसरूपुर थाना क्षेत्र के पंगत होटल के पास पीछे से आ रही एक हाइड्रा चलती बस से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के ऊपर बैठे दो यात्री नीचे गिर गए, जिसमें एक व्यक्ति ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे व्यक्ति को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



❑ **दूसरा एनएमसीएच रेफर, गुस्साए लोगों ने किया हंगामा**

हादसे के बाद स्थानीय लोगो और परिजनों ने रोड को ब्लॉक कर हंगामा शुरू कर दिया, जिससे NH-30 पर दोनों तरफ गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई। पुलिस मौके पर पहुंच यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाइश देकर शांत कराया और दुर्घटनाग्रस्त हाइड्रा को सड़क से हटवाकर आवागमन सामान्य कराया। घटना की सूचना मिलते ही खुसरूपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (NMCH), पटना भेज दिया।

## रौशन आनंद की गिरफ्तारी पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सख्त

एजेंसी, पटना

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने कोचिंग संचालक रौशन आनंद की गिरफ्तारी के मामले में पटना पुलिस की कार्रवाई पर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा को मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट 3 सितंबर 2026 तक हर हाल में सौंपने का निर्देश दिया है।आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि तय समय सीमा के भीतर रिपोर्ट नहीं मिलने पर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा सकती है। मामला पटना के चर्चित कोचिंग संचालक रौशन आनंद की गिरफ्तारी से जुड़ा है। रौशन आनंद ज्ञान बिंदु जीएस एकेडमी के निदेशक हैं। जून 2026 की शुरुआत में मुसल्लापुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज परिसर में तोड़फोड़, मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना के बाद कदमकुआं थाना पुलिस ने रौशन आनंद को गिरफ्तार किया था। रौशन आनंद की गिरफ्तारी



❑ **पटना एसएसपी से मांगी विस्तृत जांच रिपोर्ट**

के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए गए। आरोप लगाया गया कि पुलिस ने पर्याप्त जांच किए बिना उन्हें मामले का मुख्य आरोपी या सूत्रधार मानते हुए गिरफ्तार कर लिया। यह भी आरोप लगाया गया कि गिरफ्तारी के दौरान उनकी किडनी की बीमारी को भी ध्यान में नहीं रखा गया और उन्हें जेल भेज दिया गया। इसी कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार कार्यकर्ता विशाल रंजन ने 10 जून 2026 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई। वे ह्यूमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन के चेयरमैन हैं।

## पटना कॉलेज में छात्र से मारपीट, यूजीसी पहुंचा रैगिंग मामला, मिंटो हॉस्टल के छात्र पर मारपीट का आरोप

एजेंसी, पटना

पटना यूनिवर्सिटी के पटना कॉलेज में जूनियर छात्र के साथ रैगिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। मनोविज्ञान विभाग के सत्र 2025-29 के एक छात्र ने सीनियर छात्रों पर परीक्षा हॉल के पास मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसने राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। मारपीट करने वाले छात्र मिंटो हॉस्टल के बताए जा रहे हैं।

**UGC की शिकायत के बाद कॉलेज ने दर्ज कराई FIR**: छात्र की शिकायत मिलने के बाद UGC की राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन ने पटना विश्वविद्यालय को मामले में जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए। UGC के निर्देश के बाद पटना कॉलेज प्रशासन की ओर से पीरबहोर



थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले में आरोपित छात्रों की पहचान और घटना की पूरी जानकारी जांच के बाद सामने आएगी।

**परीक्षा हॉल के पास मारपीट का आरोप**: शिकायत के मुताबिक परीक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान परीक्षा हॉल के आसपास जूनियर छात्र के साथ कुछ सीनियर छात्रों ने मारपीट की। छात्र ने इसे रैगिंग और शारीरिक हिंसा का मामला बताते हुए UGC से शिकायत की। उसने अपने साथ दोबारा किसी तरह की घटना होने की आशंका जताते हुए सुरक्षा की भी मांग की है।

**कैंपस और हॉस्टल की सुरक्षा**

♦ **कॉलेज ने एफआईआर दर्ज करने के लिए दिया आवेदन**

**पर उठाए सवाल**: शिकायतकर्ता ने पटना विश्वविद्यालय के कैंपस और हॉस्टलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। छात्र का कहना है कि पर्याप्त CCTV कैमरे और निगरानी व्यवस्था नहीं होने से ऐसी घटनाओं के साक्ष्य जुटाने में परेशानी हो सकती है। उसने विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। UGC ने शिकायतकर्ता छात्र की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखने का निर्देश दिया है। साथ ही उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और काउंसिलिंग कराने को कहा गया है, ताकि शिकायत के बाद छात्र पर किसी तरह का दबाव या प्रताड़ना न हो। UGC ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच विश्वविद्यालय या कॉलेज की आधिकारिक एंटी-रैगिंग कमेटी के माध्यम से की जाएगी। कमेटी शिकायत में लगाए गए आरोपों, संबंधित छात्रों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच करेगी।

पुलिस की FIR के साथ कॉलेज स्तर पर भी जांच आगे बढ़ेगी। पटना कॉलेज में सामने आए मामले के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी कॉलेजों को रैगिंग रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। नए सत्र की शुरुआत को देखते हुए कॉलेजों को अपने एंटी-रैगिंग सेल की समीक्षा और पुनर्गठन करने को कहा गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कॉलेजों को नामांकन लेने वाले प्रत्येक छात्र से एंटी-रैगिंग को लेकर शपथ पत्र लेने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कॉलेजों में एंटी-रैगिंग स्क्वायड को सक्रिय रखने और कैंपस में लगातार निगरानी करने को कहा गया है।

## सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म, फिर भी ऑनलाइन 163 कंमपलेन, सबसे ज्यादा पाटलिपुत्र अंचल में आए फोन

एजेंसी, पटना

पटना नगर निगम के सफाई कर्मियों की आठ दिनों तक हड़ताल चली थी। विभाग से मांगों पर सहमति बनने के बाद इस हड़ताल को टूटे अब एक हफ्ता होने जा रहा है, मगर फिर भी कई इलाकों में कचरा उठाव की समस्या बनी हुई है। पटना नगर निगम को ऑनलाइन काफी शिकायतें आयी हैं। नगर निगम को कचरा उठाने वाली गाड़ी नहीं आने और जगह-जगह पर कूड़ा जमा होने की 88 शिकायतें मिली हैं। इसमें से सबसे ज्यादा पाटलिपुत्र अंचल में है। वहीं, वाट्सएप चैटबॉट पर 163 कंम्पलेन आयी है।

**निगम की ओर से इन शिकायतों का निपटारा कराया**



**जा रहा**: हड़ताल 30 जुलाई से 6 अगस्त तक चली थी। 7 अगस्त से सफाई कर्मी नियमित रूप से अपने काम पर आ रहे हैं। बारिश हो जाने के कारण कचरा उठाव में समस्या

❑ **निगम को कचरा गाड़ी और कूड़ा डंप की 88 शिकायतें मिली**

आ रही है, इस कारण कई इलाकों में देरी हो रही है। निगम की ओर से इन शिकायतों का निपटारा कराया जा रहा है। निगम का प्रयास है कि हड़ताल के दौरान जमा हुए कचरे को जल्द से जल्द उठाकर सफाई व्यवस्था को पूरी तरह पटरी पर लाया जाए। ये शिकायतें मिलने के बाद संबंधित क्षेत्र में कचरा उठाव और सफाई की व्यवस्था कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**हड़ताल के दौरान मिली थीं 362 शिकायतें**: पटना नगर निगम के अनुसार, आठ दिनों तक चली हड़ताल के दौरान कचरा उठाव और सफाई व्यवस्था को लेकर 362 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली गाड़ियों के नहीं पहुंचने, जगह-जगह कूड़ा जमा होने और नियमित सफाई नहीं होने जैसी शिकायतें शामिल थीं।

पटना नगर निगम ने इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर कार्रवाई की। वहीं, इस साल 1 जनवरी से 29 जुलाई के बीच नगर निगम को कचरा उठाव और सफाई व्यवस्था से जुड़ी कुल 4,310 शिकायतें मिलीं। इनमें घरों से कचरा उठाव और सार्वजनिक स्थानों की सफाई से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं।


## पटना-बेतिया समेत 4 जिलों में तेज बारिश, 15 में अलर्ट

❑ **अगले 24 घंटे में हैवी रेन की चेतावनी 40°C के करीब 6 जिलों का तापमान**

एजेंसी, पटना

बिहार में मानसून एक्टिव है। गुरुवार को राजधानी पटना के कई इलाकों में बारिश हुई। दोपहर होते-होते बेतिया, बक्सर और समस्तीपुर में तेज बारिश हुई। वहीं खगड़िया समेत कई जिलों में काले बादल छाए हैं। बारिश होने की संभावना है।

हालांकि मौसम विभाग ने आज बिहार के 15 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 14 से 18 अगस्त को पटना समेत कई जिलों में तेज बारिश की संभावना है।



आकाशीय बिजली गिरने को लेकर विशेष चेतावनी जारी की गई है।

बिहार में अब तक सामान्य से काफी कम बारिश हुई है। 12 अगस्त तक राज्य में 602.6 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन इसके मुकाबले केवल 375.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। यानी राज्य में अब तक करीब 38% कम बारिश हुई है।

## पटना- 29 वार्डों के 400 योजनाओं को मिली प्रशासनिक मंजूरी

एजेंसी, पटना

पटना नगर निगम के वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए 'एक करोड़ पार्षद निधि योजना 4.0' के तहत करीब 950 योजनाओं की अनुशंसा की गई है। इनमें सड़क और नाला निर्माण, पुराने सड़क-नाले का जीर्णोद्धार, सामुदायिक भवन, सबमर्सिबल, पेवर ब्लॉक और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े काम शामिल हैं।

**29 वार्डों की करीब 400 योजनाएं स्वीकृत**: नगर निगम मुख्यालय ने अब तक 29 वार्डों की करीब 400 योजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इन योजनाओं के पूरा होने के बाद अलग-अलग इलाकों में सड़क, नाला, जलापूर्ति और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं में सुधार की उम्मीद है।

**वार्ड 3 से 72 तक कई इलाकों में होंगे विकास कार्य**: वार्ड 3 में पीसीसी सड़क और भूगर्भ नाला निर्माण की 16 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। वार्ड 4 में सड़क निर्माण, जीर्णोद्धार और सबमर्सिबल से जुड़ी 11 योजनाओं को मंजूरी मिली है।




वार्ड 7 में सड़क और नाला निर्माण की 9 योजनाएं स्वीकृत हुई हैं। वार्ड 10 में पेवर ब्लॉक, सीसीटीवी कैमरा, सामुदायिक भवन और पीसीसी सड़क से जुड़े 7 काम होंगे। वहीं, वार्ड 12 में सड़क जीर्णोद्धार और भूगर्भ नाला निर्माण की 16 योजनाओं को मंजूरी मिली है। वार्ड 31 में सड़क व भूगर्भ नाला निर्माण तथा जीर्णोद्धार की 16, वार्ड 33 में 14 और वार्ड 35 में 13 योजनाएं स्वीकृत हुई हैं।

वार्ड 36 में 13, वार्ड 44 में 21 और वार्ड 51 में 18 योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। वार्ड 47 में सड़क, नाला और मैनहोल मरम्मत की 16 योजनाएं, जबकि वार्ड 49 में 12 और वार्ड 50 में 14 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। कुछ वार्डों में सड़क-नाला के अलावा सामुदायिक भवन, हॉल, पार्क और अन्य सुविधाओं से जुड़े काम भी किए जाएंगे।

## बिक्रम में 1000 से ज्यादा बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा, 300 छात्राएं भी हुईं शामिल

एजेंसी, पटना

पटना के बिक्रम प्रखंड मुख्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर बिक्रम बाजार की सड़कों पर मार्च किया। यात्रा में एक हजार से अधिक बच्चे शामिल हुए, जिनमें करीब 300 छात्राएं थीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में निकली यात्रा के दौरान पूरा बिक्रम बाजार देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। बच्चों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। सड़क किनारे खड़े स्थानीय लोगों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

**हाथों में तिरंगा लेकर बाजार में निकले बच्चे**: तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों को स्वतंत्रता दिवस



के अवसर पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्र के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करना था। बच्चे पूरे अनुशासन के साथ हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर आगे बढ़ रहे थे। यात्रा को लेकर बाजार में जगह-जगह लोगों की भीड़ नजर आई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

**40 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संभाली व्यवस्था**: तिरंगा यात्रा को सफल और अनुशासित बनाने में विद्यालय के करीब 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें फिजिकल टीचर सुनीता कुमारी, हरेंद्र कुमार, पुष्पा कुमारी, रीता कुमारी, रेशमी रानी, बिपिन कुमार और अजीत कुमार समेत अन्य शिक्षक शामिल रहे। विद्यालय प्रबंधन के मुताबिक,

❑ **भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंजा बाजार**

बच्चों के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी यात्रा में शामिल हुए।

**9 से 17 अगस्त तक चल रहा हर घर तिरंगा अभियान**: विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति विभाग की ओर से 9 अगस्त से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत स्वतंत्रता दिवस से पहले विद्यालय के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली।

उन्होंने कहा कि यात्रा में शामिल सभी बच्चों के हाथों में तिरंगा था और देशभक्ति के नारों के साथ पूरे इलाके में यात्रा निकाली गई। इसका उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'बदलाव जरूरी है' के नारे के साथ गांव-गांव पहुंची सीपीआई की पदयात्रा



**बीएनएम@ शेखपुरा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रव्यापी पदयात्रा के आठवें दिन अरियरी प्रखंड के पंधर, विद्यापुर, मिल्की, हुसैनाबाद, धनकॉल और हनुमानगंज गांवों में अभियान चलाया गया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें दर्ज किया। इस दौरान लोगों से एक सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल होने की अपील की गई। पदयात्रा में जिला सचिव प्रभात कुमार पांडेय, सहायक जिला सचिव गुलेश्वर यादव, विश्वनाथ प्रसाद, अफजल गणी, अवधेश रविदास, विजय कुमार यादव समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे। जिला सचिव प्रभात कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में आम जनता भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है। केंद्र और राज्य की गलत नीतियों व भ्रष्टाचार के कारण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि 'बदलाव जरूरी है' के नारे के साथ 30 अगस्त को शेखपुरा से किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान और महिलाएं रेल मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### खेत में बैठकर ऑनलाइन ठगी का खेल, चार साइबर अपराधी गिरफ्तार



**बीएनएम@ शेखपुरा।** मनचाहा प्यार दिलाने, तंत्र-मंत्र से वशीकरण कराने और यज्ञ-हवन के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का शेखपुरसराय थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पांची गांव के खेतों के बधार में बैठकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे चार साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपितों में पांची गांव निवासी अरुण कुमार का पुत्र मुकेश कुमार, रतन यादव का पुत्र कारू यादव, नालंदा जिले के चेरो गांव निवासी अजय प्रसाद का पुत्र बंटी कुमार तथा सकरामा गांव निवासी उमेश प्रसाद का पुत्र आकाश कुमार शामिल हैं। कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने किया।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम गश्ती के दौरान बधार में पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर चार को दबोच लिया। हालांकि, मौके का फायदा उठाकर कुछ अन्य साइबर ठग फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपितों के मोबाइल फोन से ऑनलाइन ठगी से जुड़े कई अहम साक्ष्य और दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार चार में से तीन आरोपितों के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। पूछताछ और जांच के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में शेखपुरा जेल भेज दिया गया।

### स्वतंत्रता दिवस की अंतिम रिहर्सल में डीएम ने ली परेड की सलामी

**बीएनएम@ शेखपुरा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर गुरुवार की सुबह जिला समाहरणालय स्थित परेड ग्राउंड में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शेखर आनंद, एसडीएम प्रियंका कुमारी और एएसपी डॉ. राकेश कुमार ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। अंतिम रिहर्सल में बिहार पुलिस, बीएमपी, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी तथा



स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। परेड की टुकड़ियों ने पूरे अनुशासन और जोश के साथ मार्च पास्ट किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी। निरीक्षण और सलामी के बाद डीएम शेखर आनंद ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर अंतिम पूर्वाभ्यास का समापन किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए पुलिस एवं एनसीसी की टुकड़ियां पिछले कई दिनों से लगातार अभ्यास कर रही थीं। जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। विभिन्न सरकारी कार्यालयों में साफ-सफाई और सजावट का काम पूरा किया जा रहा है। समाहरणालय परिसर में आकर्षक पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, महादलित टोलों में भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रशासन की ओर से समारोह को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### मदुदाबाद में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि मनी

**बीएनएम@ समस्तीपुर:** मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के मदुदाबाद स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय में गुरुवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आगत अतिथियों द्वारा राजमाता अहिल्याबाई



होल्कर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशीधर झा ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक कुशल शासक ही नहीं, बल्कि न्याय, सुशासन, धर्म एवं लोककल्याण की अद्वितीय मिसाल थीं। भाजपा अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रांतीय नेता राजकुमार पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दृढ़ संकल्प, साहस और प्रशासनिक क्षमता से यह साबित किया कि मजबूत इच्छाशक्ति वाला नेतृत्व समाज की दिशा बदल सकता है। मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन महिला सशक्तीकरण, सामाजिक न्याय, सुशासन और जनकल्याण की प्रेरणादायक गाथा है।मौके पर राजेश ओझा, राम प्रवेश साह, राम शरण महतो, गंगा चौधरी, कुन्दन चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# मोतिहारी पुलिस की तपिश अब पटना में हुई महसूस, जमीन विवाद पर हरेंद्र किशोर के आरोपों को पुलिस ने बताया निराधार

बीएनएम@ सागर सूरज




**मोतिहारी/पटना।** जमीन विवाद को लेकर मोतिहारी के हरेंद्र किशोर द्वारा पुलिस और वरीय अधिकारियों पर लगाए गए गंभीर आरोपों की गूंज अब पटना तक पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित राज्यस्तरीय सहयोग कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समक्ष फरियाद लेकर पहुंचे हरेंद्र किशोर ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर कब्जे के मामले में उन्हें लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और पुलिस-प्रशासन से उन्हें न्याय नहीं मिल रहा।

हरेंद्र किशोर का आरोप है कि उनकी जमीन पर दखल-कब्जे को लेकर वर्ष 2024 से वह अधिकारियों के यहां शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस के वरीय अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि उनकी जमीन पर कब्जे के मामले में पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है और कथित रूप से माफिया तत्वों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री से मिलने के लिए उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकरण कराया था, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर उन्हें अपनी शिकायत सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखने का अवसर नहीं मिला। हरेंद्र किशोर ने कहा कि चलने में असमर्थ होने के बावजूद वे अपनी समस्या लेकर पटना पहुंचे थे।

**चार सदस्यीय कमिटी की जांच का हवाला-** हरेंद्र किशोर के आरोपों के बीच मोतिहारी पुलिस ने पूरे मामले पर अपना पक्ष रखते हुए आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पुलिस के अनुसार, मामले की पूर्व में ही चार सदस्यीय कमिटी गठित कर जांच कराई जा चुकी है और उसकी रिपोर्ट भी वरीय अधिकारियों को सौंपी गई थी।

पुलिस के मुताबिक, ताजा स्थिति में भी संबंधित अंचल अधिकारी और थानाध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण किया है। जमीन से जुड़े दस्तावेज और उपलब्ध अभिलेखों की जांच के बाद रिपोर्ट तैयार की गई है।

**2012 से हरेंद्र के नाम जमाबंदी, लेकिन कब्जे पर पुलिस का अलग दावा-** मोतिहारी पुलिस के अनुसार, विवादित जमीन की जमाबंदी वर्ष 2012 से हरेंद्र किशोर के नाम दर्ज है। हालांकि पुलिस का कहना है कि जमीन पर वास्तविक दखल-कब्जा शुरू से ही खतियानी रैयत के वंशजों का रहा है।

पुलिस का तर्क है कि जमाबंदी दर्ज होने और वास्तविक दखल-कब्जे के विवाद का अंतिम समाधान पुलिस के स्तर पर नहीं किया जा सकता। दखल-कब्जा प्राप्त करने के लिए हरेंद्र किशोर को सक्षम न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी गई है।

**वरीय अधिकारियों पर लगाए आरोपों को पुलिस ने बताया बेबुनियाद-** मोतिहारी पुलिस ने हरेंद्र किशोर द्वारा वरीय पुलिस अधिकारियों पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद बताया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पहले भी हो चुकी है और उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर कार्रवाई की गई है।

मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने हरेंद्र किशोर के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह मामला पूरी तरह झूठा है और जिस शिकायत को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं, उसका पहले ही निराकरण किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि किसी व्यक्ति को जमीन पर कब्जा दिलाना उसका अधिकार क्षेत्र नहीं है और यदि न्यायालय से कोई आदेश प्राप्त होता है तो उसके अनुपालन की कार्रवाई की जाएगी।

**पटना में उठे सवाल, मोतिहारी में पुलिस के दावे से नया मोड़-** एक ओर हरेंद्र किशोर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी शिकायत पहुंचाने के लिए पटना तक पहुंचे और पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए, वहीं दूसरी ओर मोतिहारी पुलिस ने रिकॉर्ड और पूर्व की जांच का हवाला देते हुए आरोपों को खारिज कर दिया है। ऐसे में विवाद का केंद्र अब केवल जमीन का दखल-कब्जा नहीं, बल्कि शिकायतों के निस्तारण और पुलिस की भूमिका को लेकर उठे परस्पर विरोधी दावों पर भी आ गया है।

सनद रहे कि जमीन की जमाबंदी हरेंद्र किशोर के नाम होने की बात पुलिस भी स्वीकार कर रही है, जबकि वास्तविक दखल-कब्जे को लेकर उसका दावा अलग है। ऐसे में इस विवाद का अंतिम समाधान राजस्व अभिलेखों, वास्तविक कब्जे के साक्ष्यों और सक्षम न्यायालय के निर्णय पर निर्भर करेगा।

## शिक्षा जगत में शोकः 33 वर्षीय प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश कुमार का हार्ट अटैक से निधन

बीएनएम@ रामगढ़वा



रामगढ़वा प्रखंड के +2 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, मुरला के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश कुमार (33) का बुधवार रात करीब 9 बजे हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके असमय निधन से पूर्वी चंपारण के शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। मूल रूप से रामगढ़वा के मलाही टोला निवासी प्रकाश कुमार अपनी सादगी, मिलनसार स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली के लिए जाने जाते थे। उनका विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था और उनके परिवार में पत्नी तथा तीन माह की मासूम बेटी है। इस दुखद घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रकाश कुमार पिछले कई वर्षों से मुरला विद्यालय में सेवा दे रहे थे और प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में विद्यालय का संचालन कर रहे थे। गुरुवार को विद्यालय में आयोजित शोकसभा में शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने प्रिय शिक्षक के निधन से छात्र-छात्राएं भी गहरे सदमे में दिखे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ब्रजेश कुशवाहा ने कहा कि प्रकाश कुमार एक समर्पित और जिम्मेदार शिक्षक थे, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। शोक व्यक्त करने वालों में शिक्षक मुकेश कुमार, सुमित कुमार, श्रीनिवास, मो. सद्दाम, राजकुमार, श्याम कुमार, अरविंद गिरी, राकेश कुमार, पन्नालाल, मदन मोहन, इशरत फातिमा, प्रमुख पति विशाल गुप्ता, उप प्रमुख अरविंद पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र तिवारी, भाजपा नेता रवि यादव सहित विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

## बिना लाइसेंस जुलूस निकालने पर रोक, डीजे व घातक हथियारों के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध



बीएनएम@ तुरकौलिया

थाना परिसर में महाबीरी झंडा पर्व को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूस के रूट चार्ट, सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशासन ने लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि महाबीरी झंडा पर्व के दौरान बिना लाइसेंस कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा। जुलूस में डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही जुलूस निकाला जाएगा। साथ ही जुलूस के दौरान घातक हथियारों का प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि जिन-जिन स्थानों पर मेला लगेगा, वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रखेगी और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहेगी। थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवी वर्ग से पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में सरपंच शेख शोएब, विजय सिंह, मनोज गुप्ता, बद्री पासवान, डॉ. अफजल आलम, मुन्ना दुबे समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी मौजूद थे।

### अध्यापक प्रशांत सागर बने लेखाकार

बीएनएम@ बगहा

बगहा अनुमंडल अंतर्गत गंडक पार स्थित पीएम श्री राजकीय कृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पं. भरत उपाध्याय ने बताया कि कालेज के कामर्स प्रवक्ता प्रशांत सागर गुप्त उत्तर प्रदेश सेवा चयन बोर्ड से सहायक लेखाकार के पद पर चयनित हुए हैं। उनके इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। प्रशांत सागर के अध्यापक से अधिकारी बनने पर विद्यालय परिवार की ओर से माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ शुभकामना निवेदित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण तिवारी, नीरज कुमार त्रिपाठी, सनी सिंह यादव, अख्तर हुसैन, विपिन कुमार, राघवेंद्र प्रताप, शाकिर अंसारी ,लाल मोहम्मद, पलक सिंह, पूजा मद्धेशिया, सावित्री कुमारी, नीलम कुमारी ,प्रभा कुमारी पुस्तकालय अध्यक्ष राजेश रमण कुमार सिंह, सुधीर चतुर्वेदी ,निसार उल हक अंसारी आदि ने भी शुभकामनाएं दी।

## मियांपुर-दुबौलिया में गूंजे देशभक्ति के तराने, तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष से राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा दिखा बैरिया**

बीएनएम@ बेतिया



स्वतंत्रता दिवस-2026 एवं 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत गुरुवार को बैरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत मियांपुर-दुबौलिया में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के नेतृत्व में पंचायत सरकार भवन मियांपुर से उच्च विद्यालय बथना तक निकली यात्रा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष से पूरे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से घरों व प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा ध्वज संहिता का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय गौरव और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान को मजबूत करना है। मौके पर डीडीसी काजले वैभव नितिन, एडीएम अनिल कुमार सिन्हा, एसडीओ विकास कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सौरभ आलोक, बीडीओ बैरिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शहीद जगन्नाथ पुरी की प्रतिमा से यात्रा शुरू करने की मांगः माले नेता सुनील कुमार राव ने मांग की कि भविष्य में तिरंगा यात्रा की शुरुआत लौकरिया स्थित स्वतंत्रता सेनानी शहीद जगन्नाथ पुरी की प्रतिमा स्थल से की जाए। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जगन्नाथ पुरी गोली लगने से शहीद हुए थे।

## लंबित कांडों के निष्पादन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसडीपीओ



बीएनएम@ बगहा

**» अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा ने किया पिपरासी थाने का वार्षिक निरीक्षण**

लंबित कांडों के निष्पादन में पुलिस पदाधिकारियों की लापरवाही और शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी, वैसे पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तय है। उक्त बातें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीहार भूषण ने कही। वे गंडक पार स्थित पिपरासी थाने का वार्षिक निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेखों तथा विभिन्न पंजियों का बारीकी से अवलोकन किया। तथा आवश्यक दिशा-निर्देश थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा को दी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने थाना परिसर की साफ-सफाई एवं पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का भी जायजा लिया।

## मोतिहारी में ई-रिक्शा चोरी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

बीएनएम@ मोतिहारी

नगर थाना पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी कर उसके पार्ट्स बेचने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के चार ई-रिक्शा, एक कटा हुआ ई-रिक्शा, एक मोटरसाइकिल तथा बड़ी संख्या में मोटर, चार्जर और बैटरियां बरामद की हैं। नगर थानाध्यक्ष पुनीत राजीव कुमार ने बताया कि 13 अगस्त को जीवधारा स्थित जनता रोजगार के सामने चोरी के ई-रिक्शा काटकर उनके पार्ट्स बेचने की सूचना मिली थी। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित टीम ने छापेमारी कर मौके से चार लोगों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मो. इरशियाक, मो. वशिउद्दीन, चंदकिशोर पासवान तथा एक विधि-विवादित बालक के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह शहर के विभिन्न इलाकों से ई-रिक्शा चोरी कर सुनसान स्थानों पर उन्हें काटकर अलग-अलग पार्ट्स बेचता था। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपित मो. इरशियाक पर पहले से नगर थाना में उत्पाद अधिनियम का एक मामला दर्ज है। बरामद सभी सामान जब्त कर लिया गया है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

## चोरी की बाइक संग दो नेपाली युवक व शराब तस्कर गिरफ्तार

बीएनएम@ रामगढ़वा




भारत-नेपाल सीमा से सटे रामगढ़वा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो नेपाली युवक तथा नेपाली शराब के साथ एक तस्कर शामिल है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर संजीव मौआर ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बाइक सवार दो युवकों को रोका। वाहन के कागजात मांगने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी की होने की बात स्वीकार की। इस संबंध में रामगढ़वा थाना कांड संख्या 391/26 दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान शिवानंद गिरी (19), निवासी बहुअरी वार्ड-24, थाना श्रीपुर, जिला परसा (नेपाल) तथा आदित्य सिंह (19), निवासी बैराठपुर, थाना कलइया, जिला बारा (नेपाल) के रूप में हुई है।

**900 एमएल नेपाली शराब बरामद-** दूसरे मामले में गुप्त सूचना के आधार पर रघुनाथपुर गांव में छापेमारी कर पुलिस ने धनंजय सिंह (29) को गिरफ्तार किया। उसके पास से कस्तूरी नींबू फ्रेश ब्रांड की 300 एमएल की तीन बोतल नेपाली देसी शराब (कुल 900 एमएल) बरामद की गई। इस मामले में थाना कांड संख्या 392/26 दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर संजीव मौआर ने कहा कि सीमा क्षेत्र में वाहन चोरी और अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

## गरीबों के हक के लिए माले की भूख हड़ताल सह धरना शुरू



**बीएनएम@ बेतिया:** आवास, रोजगार, राशन, पेंशन और न्यूनतम मजदूरी समेत विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दो दिवसीय भूख हड़ताल सह धरना शुरू किया। प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आयोजित धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। धरनार्थियों ने कहा कि गरीब परिवारों के सामने आवास और रोजगार का संकट बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पंचायत से प्रखंड स्तर तक भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, गरीबों को बासगीत पर्चा देने, भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने, इंदिरा आवास की राशि पांच लाख रुपये करने और सभी गरीब परिवारों को राशन कार्ड देने की मांग की।माले नेता सह मुखिया नवीन कुमार ने कहा कि गरीबों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा। किसान महासभा के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राव ने कहा कि भूमिहीनों और मजदूरों की समस्याओं का स्थायी समाधान जरूरी है। माले नेता ठाकुर साह ने कहा कि सरकार को गरीबों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। धरने में कामरेड हारून मियां, मुजम्मिल मियां, विनोद कुशवाहा, कैलाश चौधरी, जोखू चौधरी, धामू चौधरी, तूफानी मियां, वीरेंद्र पासवान, अशोक मुखिया, जोगेंद्र चौधरी, छोटे मुखिया, मुखलाल मुखिया समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लंबित कांडों का शीघ्र निपटारा करें : एडीजी रेल

### एडीजी रेल ने की पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक



**बीएनएम@ समस्तीपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, बिहार, पटना डॉ. कमल किशोर सिंह ने समाहरणालय परिसर, जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था, लंबित कांडों, साइबर अपराध एवं यातायात व्यवस्था समेत विभिन्न पुलिसिंग से जुड़े मुद्दों की गहन समीक्षा की गई। एडीजी ने लंबित कांडों की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। बैठक में बढ़ते साइबर अपराध को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेने तथा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। एडीजी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा जताई। उबैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक, मिथिला क्षेत्र, दरभंगा, पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर के अलावा जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की विधि-व्यवस्था एवं पुलिस कार्रवाई से संबंधित जानकारी साझा की।

## सरकारी एंबुलेंस में शराब की तस्करी

### बॉर्डर पर उत्पाद विभाग का बड़ा शिकंजा



**बीएनएम@ शेखपुरा।** शराब तस्करी के खिलाफ उत्पाद विभाग की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब से लदी एक सरकारी एंबुलेंस को जब्त किया है। कार्रवाई बुधवार की रात करीब आठ बजे नवादा-शेखपुरा सीमा पर काशीचक टाटी पुल के समीप की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एंबुलेंस के जरिए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप शेखपुरा लाई जा रही है।सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग की टीम ने इलाके में घेराबंदी कर संदिग्ध एंबुलेंस को रोक लिया।तलाशी के दौरान एंबुलेंस से करीब 10 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके से पुलिस ने एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान लखीसराय निवासी कारू राम के पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद थानाध्यक्ष अमित आनंद ने बताया कि उनके नेतृत्व में एएसआई अमरजीत कुमार एवं सशस्त्र बलों ने कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि जब्त एंबुलेंस का संचालन नवादा जिले के वारसलीगंज पीएचसी में होता था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि सरकारी एंबुलेंस के जरिए शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गरीब परिवार के लिए मसीहा बने राजू सहनी

### दिवंगत पत्तीलाल सहनी के परिवार को बढ़ाया मदद का हाथ



**बीएनएम@ समस्तीपुर।** उजियारपुर प्रखंड क्षेत्र के रामचंद्रपुर अंधैल पंचायत के वार्ड संख्या-9 में मानवता और सामाजिक सरोकार की मिसाल देखने को मिली। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवार से आने वाले पत्तीलाल सहनी का लंबी बीमारी के बाद 3 अगस्त को निधन हो गया। बताया गया कि पत्तीलाल सहनी का कोई पुत्र नहीं था। ऐसे में उनके निधन के बाद अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी उनकी बेटी रुक्मिणी कुमारी और दामाद उमेश सहनी के कंधों पर आ गई। परिवार की माली हालत बेहद खराब होने के बावजूद बेटी और दामाद ने किसी तरह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। इसकी जानकारी स्थानीय निवासी महेश सहनी को हुई। उन्होंने राजू सहनी को इसकी जानकारी दी। राजू सहनी ने परिवार की स्थिति को देखते हुए आवश्यक घरेलू एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।मौके पर मौजूद लोगों ने भी राजू सहनी के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया उमेश प्रसाद सहनी, महेश सहनी, विजय सहनी, देवेंद्र सहनी, मुकेश कुमार सहनी, दीपक सहनी, शंकल सहनी, बांबी कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### समय पर पंचायत चुनाव कराने के लिए भावी प्रत्याशियों ने हाईकोर्ट का खटखटाया दरवाजा

# समय पर चुनाव कराने के लिए हाईकोर्ट में रिट याचिका


### वर्तमान प्रतिनिधियों और आम जनता की निगाहें हाईकोर्ट पर टिकीं

**बीएनएम@ पटना**

बिहार में पंचायती राज चुनाव को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य में चुनाव में संभावित देरी और नए सिरे से परिसीमन (Delimitation) लागू किए जाने की चर्चाओं के बीच भावी उम्मीदवारों की चिंता बढ़ गई है। चुनाव प्रक्रिया में होने वाली देरी की आशंका को देखते हुए संभावित प्रत्याशियों ने पटना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उम्मीदवारों की ओर से पटना हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर कर पंचायत चुनाव को तय समय सीमा के भीतर कराने की मांग की गई है।

» **परिसीमन लागू होने से बदल सकते हैं राजनीतिक समीकरण**

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता निरंजन सिंह ने अदालत से आग्रह किया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए चुनाव समय पर आयोजित किए जाएं, ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार का अनावश्यक विलंब न हो।याचिका में इस बात का जिक्र किया गया है कि यदि पंचायती राज व्यवस्था में नया परिसीमन लागू किया जाता है, तो पंचायतों के भौगोलिक क्षेत्र, वार्डों की सीमा,




आरक्षित सीटों और मतदाता सूचियों में बड़ा बदलाव आएगा। परिसीमन की प्रक्रिया लंबी होने के कारण चुनाव महीनों टल सकते हैं, जिससे पुराने जनप्रतिनिधियों और भावी प्रत्याशियों के बीच राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। पंचायती राज चुनाव की तैयारियों में जुटे भावी उम्मीदवारों का कहना है कि चुनाव में देरी होने से उनकी महीनों की मेहनत और चुनावी रणनीति प्रभावित हो रही है। उम्मीदवारों का मानना है कि समय पर चुनाव न होने से पंचायतों में विकास कार्य बाधित होंगे और प्रशासनिक प्रतिनिधियों के भरोसे व्यवस्था छोड़े जाने से जनता की समस्याएं बढ़ेंगी। याचिका दायर होने के बाद अब राज्य के तमाम संभावित उम्मीदवारों, वर्तमान प्रतिनिधियों और आम जनता की निगाहें पटना हाईकोर्ट पर टिक गई हैं। अब देखना होगा कि अदालत इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को समय पर चुनाव कराने या परिसीमन को लेकर क्या दिशा-निर्देश जारी करती है।

## बाल विकास परियोजना में नियमों पर उठे सवाल

### वर्षों से गृह प्रखंड में पदस्थापित हैं महिला पर्यवेक्षक

**बीएनएम@ बैरिया**

बाल विकास परियोजना कार्यालय, बैरिया में कार्यरत महिला पर्यवेक्षक अनुपमा के लंबे समय से इसी प्रखंड में पदस्थापित रहने को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला पर्यवेक्षक का गृह प्रखंड भी बैरिया ही है और वह करीब छह से सात वर्षों से यहीं कार्यरत हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी विभागों में अधिकारियों एवं कर्मियों का समय-समय पर स्थानांतरण किया जाता है, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। ऐसे में किसी कर्मी का लंबे समय तक अपने ही गृह प्रखंड में पदस्थापित रहना नियमों के अनुरूप है या नहीं, इसकी विभागीय स्तर पर जांच होनी चाहिए। इस संबंध में सीडीपीओ गौतम कुमार ने कहा कि महिला पर्यवेक्षक की पदस्थापना और स्थानांतरण विभाग के कार्यक्षेत्र का विषय है।

## खैरा हाई स्कूल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

### खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने किया उद्घाटन

**बीएनएम@ खैरा (जमुई)**




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खैरा हाई स्कूल मैदान में स्पोर्ट्स क्लब, खैरा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के पहले दिन बिहार की खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में पहुंचे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।उद्घाटन मुकाबले में FSSA लछुआड़ और FSSA बेला की टीमें आमने-सामने हुईं, जिनके बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंततः FSSA बेला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिससे समर्थकों में खुशी का माहौल छा गया। इस अवसर पर टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक इंजीनियर शंभू शरण, संरक्षक रामानंद सिंह तथा स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष दयानंद यादव उर्फ दरोगी यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान इंजीनियर शंभू शरण के आग्रह पर खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने जिला खेल पदाधिकारी को खेल मैदान की चहारदीवारी, ग्रीन रूम और खिलाड़ियों के लिए अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस सकारात्मक पहल से स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में भारी खुशी देखी गई। तीन दिनों तक चलने वाला यह टूर्नामेंट क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हो रहा है।

## सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

» **पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने पर जोर**

**बीएनएम@ जमुई**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत पीड़ितों को समय पर न्याय और सहायता दिलाने को लेकर गुरुवार को जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी नवीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा की गई और उनके त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए गए।बैठक में सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित समिति के अन्य प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि पिछली त्रैमासिक अवधि से लेकर अब तक एफआईआर स्तर पर 27



पीड़ितों और चार्जशीट स्तर पर 111 पीड़ितों को नियमानुसार राहत राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके अलावा, पेंशन से जुड़े सभी 23 मामलों का निष्पादन करते हुए जुलाई 2026 तक की पेंशन राशि का भुगतान भी पूरी तरह सुनिश्चित कर दिया गया है।जिला पदाधिकारी ने न्यायालय में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विशेष लोक अभियोजक को मामलों की पैरवी में तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि पीड़ित परिवारों को समयबद्ध न्याय मिल सके। साथ ही, जिला कल्याण पदाधिकारी को पीड़ितों के संपर्क में रहने और पुलिस अधीक्षक को थानों में लंबित मामलों की चार्जशीट तय समय सीमा के भीतर दाखिल करने को कहा गया।

## बुलडोजर राज के खिलाफ दो दिवसीय अनशन शुरू

**बीएनएम@ शेखपूरा**

गरीबों के वास-आवास, रोजगार, राशन और सम्मान के मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के राज्यव्यापी आह्वान पर शेखोपुरसराय अंचल मुख्यालय के समक्ष गुरुवार से दो दिवसीय अनशन-सत्याग्रह शुरू हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व कामरेड राजेंद्र पासवान ने किया। यह अनशन 13 और 14 अगस्त तक चलेगा। सभा को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव विजय कुमार विजय ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि बुलडोजर नीति के नाम पर गरीबों के घर उजाड़े जा रहे हैं। उन्होंने रोजगार, मनरेगा, मजदूरी, राशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि आशा, रसोइया, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका समेत स्कीम वर्करों को न्यूनतम मजदूरी का लाभ नहीं मिल रहा है। कामरेड रामकृपाल सिंह ने दलित और अति पिछड़े समुदायों पर



बढ़ते कथित सामंती हमलों का मुद्दा उठाया। अनशनकारियों ने भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन, बासगीत पर्चा, आवास के लिए पांच लाख रुपये, राशन कार्ड, 700 रुपये दैनिक न्यूनतम मजदूरी, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा, तीन हजार रुपये मासिक पेंशन सहित विभिन्न मांगें रखीं। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यानंद सिंह, नंदलाल चौधरी, सदन रजक, सहदेव मल्लिक, गिरजा देवी, नरेश मांझी, कारू मांझी और उपेंद्र राम सहित अन्य शामिल रहे।

## अलीगंज: हर घर तिरंगा अभियान' को लेकर पैक्स गोदाम में बैठक

**बीएनएम@ अलीगंज(जमुई)**

स्वतंत्रता दिवस और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग, ई. अलीगंज की ओर से गुरुवार को मिर्जगंज पैक्स गोदाम में 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मिर्जगंज पैक्स अध्यक्ष दशरथ महतो ने की, जिसमें प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।इस अभियान के तहत 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक अलीगंज प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए लोगों को प्रेरित और जागरूक करना है। सहकारिता विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, इस दौरान तिरंगा यात्रा

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर होंगे विशेष आयोजन



समेत विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इस वर्ष 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर से भी जुड़ा हुआ है। धर्मेंद्र कुमार उर्फ टिंकू राजा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज और देश के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। सहकारिता विभाग द्वारा राज्यभर में पैक्स, सहकारी संस्थाओं और विभागीय स्तर पर तिरंगा यात्राएं एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें पंचायत स्तर तक लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है |इस अवसर पर अलीगंज पैक्स अध्यक्ष सुधीर कुमार, कृष्ण नंदन कुमार, कृष्ण कुमार, बबलू सिंह, मकेश्वर यादव और गौतम सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पहाड़ पर चढ़ने के दौरान युवक की मौत, मचा कोहराम



**बीएनएम@ शेखपुरा:** शहर के गिरहिंडा बस स्टैंड के पीछे पहाड़ पर चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान गिरहिंडा बस स्टैंड के पीछे रविदास टोला निवासी अरबिंद रविदास के पुत्र रजत कुमार के रूप में हुई है।बताया जाता है कि रजत अपने तीन दोस्तों के साथ पहाड़ पर चढ़ रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे आ गिरा। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी परेड का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य राजकीय समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पटेल मैदान, समस्तीपुर में तैयारी परेड (रिहर्सल) का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने तैयारी परेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परेड में शामिल विभिन्न प्लाटूनों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने जवानों की कदमताल, अनुशासन, वर्दी, मार्चिंग, सलामी तथा समग्र प्रस्तुति का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परेड से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देशित किया



कि मुख्य समारोह के दौरान परेड संचालन, मार्चिंग, सलामी और अन्य गतिविधियां पूर्ण अनुशासन एवं आपसी समन्वय के साथ संपन्न हों। साथ ही पटेल मैदान में मंच, सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी समय रहते पूरा करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने भी परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को अनुशासन, तालमेल और निर्धारित प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने परेड को गरिमापूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता श्री ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन श्री राजेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर श्री राकेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री के.के. दिवाकर सहित जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत ताजपुर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

नगर परिषद ताजपुर के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ हाई स्कूल, ताजपुर से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए डॉ. एल.के. वी.डी. कॉलेज, ताजपुर पहुंचकर संपन्न हुई।तिरंगा यात्रा में जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के वरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, नगर परिषद के पदाधिकारियों-कर्मियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर निकले लोगों ने देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' के नारों से पूरा ताजपुर गूंज उठा। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता,

### हाई स्कूल से एल.के.वी.डी. कॉलेज तक गूंजा देशभक्ति का संदेश



जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी ताजपुर, अंचलाधिकारी ताजपुर, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, नगर प्रबंधक नगर परिषद ताजपुर सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी यात्रा में सहभागिता की। नगर परिषद ताजपुर की मुख्य पार्षद, सभी वार्ड पार्षद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। हाई स्कूल ताजपुर के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह भर दिया। विद्यार्थी पूरे अनुशासन और जोश के साथ हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए।

## लाभ उठाने की रणनीति नाकाम

**जिस समय देश में 'विश्व गुरुÓ बनने की खुशफहमी का आलम था, असल में भारत सरकार अवसरों का लाभ उठाने की कारगर रणनीति बनाने में नाकाम रही। दो बड़े थिंक टैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। दो थिंक टैंक इस समान निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 2018 के बाद वैश्विक समीकरणों में शुरू हुए तेज बदलाव से जो अवसर सामने आया, भारत उसका लाभ उठाने में विफल रहा। दरअसल, यह उस दौर की कथा है, जिसमें भारत के 'विश्व गुरुÓ बनने की कहानियों पर करोड़ों देशवासी यकीन किए हुए थे। लेकिन जिस समय ऐसी खुशफहमी का आलम था, असल में भारत सरकार अवसरों का लाभ उठाने की कारगर रणनीति बनाने में नाकाम रही। न्यूयॉर्क स्थित थिंक टैंक रोडियम ग्रुप ने 'क्या भारत अंततः अपनी मैनुफैक्चरिंग महत्त्वाकांक्षाओं को हासिल कर सकेगा?Ó- शीर्षक से जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि 2018 में जब अमेरिका और चीन में व्यापार जंग शुरू हुई, तो यह आम धारणा बनी कि चूंकि कंपनियां अपना कारोबार चीन से निकालकर दूसरे देशों में ले जाएंगी, तो भारत को इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वियतनाम और मेक्सिको ने इस मामले में कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। अमेरिका को चीन के निर्यात में आई गिरावट से खाली हुई जगह को उन्होंने प्रभावी ढंग से भरा। इससे इन देशों के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में ज्यादा मूल्य (वैल्यू) जुड़ा, जबकि भारत इस मामले में काफी पीछे रह गया है। रणनीतिक मामलों में ऐसे ही निष्कर्ष पर ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट पहुंचा है। उसके 'एशिया पावर इंडेक्सÓ के मुताबिक भारत अपनी विशाल क्षमताओं और संसाधनों के बावजूद एशिया में प्रभावशाली शक्ति या क्षेत्रीय "एंकर" (स्थिरता प्रदान करने वाली प्रमुख ताकत) नहीं बन पा रहा है। इंस्टीट्यूट के मुताबिक भारत के पास जितनी क्षमता, जनसंख्या, और संसाधन हैं, उनकी तुलना में उसका वास्तविक क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव बहुत कम है। भारत का क्षेत्रीय रक्षा गठबंधनों और व्यापारिक साझेदारियों में प्रभाव अन्य प्रमुख शक्तियों की तुलना में सीमित है, जिससे यह अपनी क्षमता का पूरा लाभ नहीं उठा पाया है। चीन से पश्चिम की प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर भारत से हमदर्दी रखने वाली विदेशी संस्थाएं ऐसे निष्कर्ष पर पहुंचती हैं, तो उस पर भारतवासियों को ध्यान देना चाहिए। जब जवाबदेही का मुद्दा उठा है, इन नाकामियों के लिए कौन उत्तरदायी है, ये सवाल भी जरूर पूछा जाना चाहिए।**

# समावेशी, पारदर्शी सरकारी खरीद का बेहतरीन प्लेटफॉर्म है जेम

**पीयूष गोयल**

सरकारी खरीद के लिए सरकार का ई-मार्केटप्लेस (जेम) वैश्विक स्तर पर एक पारदर्शी, समावेशी और कुशल प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है, जो 1.37 लाख सरकारी खरीदारों को 25 लाख विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है।

जेम प्लेटफार्म की विशेषता है कि यह खरीद से जुड़ी सभी प्रमुख गतिविधियों को एक बड़े डिजिटल मार्केटप्लेस में एकीकृत करता है। यह वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों को सरकार के समावेशी विकास के साथ जोड़ता है, जिससे यह पीएम मोदी के विकासित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाने वाला इंजन बन जाता है। 2016 में पीएम द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल की शुरुआत के एक दशक में, जेम ने भ्रष्टाचार को मिटाकर और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिला उद्यमियों और छोटे शहरोंके व्यवसायों को बढ़ावा देकर, सरकारी खरीद में क्रांति ला दी है।

उपयोगकर्ता-अनुकूल यह प्लेटफ़ॉर्म वास्तव में एक रत्न है, जिसने विवादित आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय की जगह ली है, जिसकी प्रणालियाँ अस्पष्ट और गैर-प्रतिस्पर्धी थीं। इससे खरीदारी प्रणाली के केवल कुछ सुविधा-प्राप्त लोगों को ही अनुचित फ़ायदा मिलता था। यह उचित है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का नया, आधुनिक कार्यालय, वाणिज्य भवन, उसी ज़मीन पर बना है, जहाँ कभी वह पुरानी और संदिग्ध प्रतिष्ठा वाली संस्था हुआ करती थी। वाणिज्य और उद्योग के मंत्री के रूप में, मुझे गर्व है कि जेम, जिसे 9 अगस्त 2016 को लॉन्च किया गया था, अपनी शानदार सेवा के दस साल पूरे कर रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों का जश्न मनाने वाला पड़ाव नहीं है; बल्कि यह इस बात में एक बुनियादी और सफल बदलाव है कि कैसे सरकारी खरीद देश के निर्माण में योगदान देती है।

पारदर्शिता, व्यवसाय करने में आसानीः उत्पाद खोजने और बोली लगाने से लेकर अनुबंध देने और भुगतान करने तक, पूरी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर जेम ने मनमाने फैसलों को खत्म किया है, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है और लोगों के भरोसे को मजबूत किया है। हर लेन-देन का एक डिजिटल रिकॉर्ड बनता है जिसकी जांच की जा सकती है; इससे जवाबदेही बढ़ती है और सरकारी खरीद के प्रति निष्ठा मजबूत होती है। जेम पीएम मोदी के व्यवसाय करने में आसानी मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एकल डिजिटल विंडो, आसान पंजीकरण, मानकीकृत प्रक्रिया और नियमित नीतिगत सुधार – जैसे अमानत राशि को ख़त्म करना और लेन-देन शुल्क को युक्तिसंगत बनाना – के जरिये जेम ने भागीदार बनने की बाधाओं को काफी हद तक कम किया है, जिससे सरकारी खरीद तक पहुंच आसान हो गयी है।

आत्मनिर्भर भारतः जेम ने आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्यमों को बढ़ावा देने के लक्ष्य को मजबूती से आगे बढ़ाया है। घरेलू



निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं को प्राथमिकता देकर, इसने स्थानीय मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत किया है और देशी उत्पादन को प्रोत्साहित किया है। पोर्टल पर दिया गया हर ऑर्डर भारत की निर्माण क्षमता और आर्थिक संप्रभुता में एक निवेश है। खास बात यह है कि जेम में मात्रा के आधार पर लगभग 60त्न ऑर्डर और सकल माल मूल्य (जीएमवी) में 45त्न से ज़्यादा की हिस्सेदारी सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) की है। समावेशी सरकारी खरीदः जेम, पीएम मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मिशन के अनुरूप समावेशी विकास का एक महत्वपूर्ण इंजन के रूप में सेवाएं देता है। यह स्टार्टअप्स, छोटे व्यवसायों और महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को बिना किसी बाधा या मध्यस्थ के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों और सेवाओं को आसान तरीके से पेश करने का मौका देता है। प्रवेश करने की बाधाओं को खत्म करके और सरकारी खरीद तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाकर, जेम ने पूरे देश के छोटे व्यवसायों को राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने और उस व्यावसायिक क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए सशक्त बनाया है, जिस पर कभी स्थापित कंपनियों का दबदबा हुआ करता था। जेम के माध्यम से 12 लाख से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्यमों ने 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सरकारी ऑर्डर पूरे किए हैं। 2.20 लाख से ज्यादा महिला उद्यमियों ने 99,713 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर हासिल किए हैं, जबकि 42,000 से अधिक स्टार्टअप्स ने 65,600 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पूरे किए हैं। जेम ने 69,000 से ज्यादा एससी/एसटी उद्यमियों को सरकारी खरीद में भाग लेने का अवसर दिया है, और उन्होंने 23,145 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पूरे किए हैं। विकास का उत्प्रेरकः ये उपलब्धियाँ इस बात की फिर से पुष्टि करती हैं कि जेम की भूमिका एक डिजिटल खरीद प्लेटफ़ॉर्म से कहीं ज़्यादा है। यह प्लेटफार्म समावेशी विकास, उद्यमिता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरक है, जो सुनिश्चित करता है कि हर योग्य उद्यम को भारत के विकास में योगदान देने का समान अवसर मिले। कई मायनों में, जेम की यात्रा 'विकसित भारत 2047' की आकांक्षाओं को दर्शाती है, जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन के अनुरूप है – एक ऐसा भारत जो पारदर्शी, समावेशी, नवोन्वेषी और डिजिटल रूप से संप्रभु हो। हम जेम के दूसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, हमारा विजन इसे एक स्मार्ट, हरित और विश्व-स्तरीय प्लेटफ़ॉर्म के रूप में विकसित करना है, जो नई तकनीकों का उपयोग करता है और साथ ही हितधारकों, खासकर हमारे नवोन्मेषियों, स्टार्टअप्स, छोटे कारोबार, महिलाएं, युवा और छोटे शहरों और वंचित वर्गों से आने वाले उद्यमियों की भागीदारी को बढ़ाता है। भारत के सबसे सफल डिजिटल सरकारी खरीद इकोसिस्टम्स में से एक के रूप में, जेम यह दिखाता है कि कैसे तकनीक, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उपयोगकर्ता-केंद्रित डिज़ाइन सार्वजनिक खर्च में गति, दक्षता और पैसों की सही कीमत प्रदान कर सकते हैं। पिछले दो वित्त वर्षों में, इस प्लेटफ़ॉर्म का वार्षिक जीएमवी 5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है, जिससे इसका कुल मूल्य लगभग 20 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसमें अब 10,644 उत्पाद श्रेणियां और 350 सेवा श्रेणियां शामिल हैं।

चाहे वह जीवन रक्षक दवाइयाँ और टीके हों, जो अस्पतालों तक तेजी से पहुँच रहे हैं, रक्षा सामग्री और ड्रोन हों, जो कुशलता से पहुंचाए जा रहे हैं, उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण हों, जो कक्षाओं को बदल रहे हैं, या विश्वसनीय अवसंरचना हो, जो गांवों को सशक्त बना रही है – पारदर्शी और कुशल खरीद सार्वजनिक सेवाओं की उच्च गुणवत्ता और संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करती है।

इस बदलाव के सच्चे लाभार्थी भारत के नागरिक हैं। आईआईटी दिल्ली के एक अध्ययन (जुलाई-अगस्त, 2026) में पाया गया कि जेम के माध्यम से खरीदारी से पिछले तीन वित्त वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26) में 86,571.69 करोड़ रुपये का आर्थिक लाभ हुआ, जिसमें कीमत और प्रक्रिया की दक्षता से हुई बचत शामिल है। इसी तरह, अध्ययन में जेम के 101 उत्पादों की तुलना फ्लिपकार्ट, अमेजन, इंडियामार्ट जैसे प्लेटफार्मों पर उपलब्ध समान वस्तुओं से की गई। इसमें पता चला कि जेम की कीमतें 74.3त्न वस्तुओं के सन्दर्भ में सस्ती थीं, जिससे लगभग 13.6त्न की कुल बचत हुई।

जेम पोर्टल भारत की आर्थिक वृद्धि और पीएम मोदी के विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण इंजन के रूप में कार्यरत है। यह समाज के वंचित वाले वर्गों को सशक्त बनाता और उनका उत्थान करता है तथा उद्यमिता को बढ़ावा देता है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि टैक्स देने वालों का पैसा प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को कुशलतापूर्वक खरीदने में इस्तेमाल हो।

लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।

# भारत की आजादी में वीर बलिदानियों व महापुरुषों की भूमिका

**डॉ. अरविंद नाथ तिवारी**

भारत की स्वतंत्रता का इतिहास केवल किसी एक व्यक्ति, एक आंदोलन या एक विचारधारा की देन नहीं है। यह अनेक धारा, संघर्ष, बलिदानों और राजनीतिक प्रयोगों का परिणाम था। महात्मा गांधी का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में प्रवेश ऐसे दौर में हुआ जब कांग्रेस मुख्यतः शिक्षित और राजनीतिक वर्ग की संस्था थी। गांधी ने स्वतंत्रता के संघर्ष को गांव, किसान, मजदूर, महिलाओं और सामान्य जनता तक पहुंचाया। चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा सत्याग्रह और अहमदाबाद मिल आंदोलन से लेकर असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक गांधी ने भारतीय राजनीति को जनआंदोलन का स्वरूप दिया, उन्होंने सामान्य भारतीय को यह विश्वास दिया कि बिना हथियार उठाए भी साम्राज्यवादी सत्ता को चुनौती दी जा सकती है। चंपारण इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। बिहार के चंपारण में नील की जबरन खेती और किसानों के शोषण के विरुद्ध गांधी का सत्याग्रह केवल स्थानीय किसान समस्या का आंदोलन नहीं था। उसने भारतीय जनता को यह अनुभव कराया कि संगठित और अहिंसक प्रतिरोध से सत्ता को झुकाया जा सकता है, लेकिन यह कहना इतिहास को अत्यधिक सरल बना देना होगा कि गांधी के सत्याग्रह के कारण अकेले भारत स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्रता का संघर्ष कई धाराओं में एक साथ चल रहा था। क्रांतिकारी आंदोलन, किसान आंदोलन, मजदूर आंदोलन, कांग्रेस की राजनीतिक गतिविधियां, समाजवादी विचारधारा और विदेशों में भारतीयों के प्रयासों ने भी ब्रिटिश शासन पर दबाव बनाया।यहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। सुभाषचंद्र बोस गांधी की रणनीति से सहमत नहीं थे। वे मानते थे कि ब्रिटिश साम्राज्य को भारत से हटाने के लिए अधिक आक्रामक और सैन्य रणनीति आवश्यक है, उन्होंने आजाद हिंद सरकार की स्थापना की और आजाद हिंद फौज के माध्यम से ब्रिटिश सत्ता को सैन्य चुनौती देने का प्रयास किया। आजाद हिंद फौज सैन्य दृष्टि से अंततः ब्रिटिश सेना को पराजित नहीं कर सकी लेकिन उसका प्रभाव केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं था। युद्ध के बाद आजाद हिंद फौज के अधिकारियों पर चले मुकदमों ने पूरे देश में व्यापक जनभावना पैदा की।

भारतीय सेना और जनता के भीतर यह भावना मजबूत हुई कि अंग्रेजों के लिए भारतीय सैनिकों की निष्ठा हमेशा के लिए सुनिश्चित नहीं है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ब्रिटेन आर्थिक और सैन्य रूप से कमजोर हो चुका था। इसलिए भारत पर लंबे समय तक शासन बनाए रखना उसके लिए पहले की तुलना में कहीं अधिक कठिन हो गया था। इस दृष्टि से देखा जाय तो गांधी और सुभाष की भूमिकाओं को एक-दूसरे के विरोधी खेमों में रखकर समझना अधूरा होगा। गांधी ने भारतीय समाज को राजनीतिक रूप से जागृत और संगठित किया, जबकि सुभाष ने भारतीय स्वतंत्रता की आकांक्षा को अंतरराष्ट्रीय और सैन्य आयाम देने का प्रयास किया। एक ने जनशक्ति को संगठित किया, दूसरे ने औपनिवेशिक सत्ता के सैन्य आधार को चुनौती देने का प्रयास किया, इसके अतिरिक्त भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल और असंख्य क्रांतिकारियों के बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता चेतना को गहरा किया। सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे नेताओं ने राजनीतिक संघर्ष को अलग-अलग स्तरों पर आगे बढ़ाया। लाखों अनाम भारतीयों ने जेलें भरीं, आर्थिक कठिनाइयां झेलीं और आंदोलन में भाग लिया।इसलिए 15 अगस्त 1947 को मिली स्वतंत्रता को किसी एक व्यक्ति की विजय कहना इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा। भारत की आजादी अनेक शक्तियों के संयुक्त दबाव का परिणाम थी। गांधी उस व्यापक संघर्ष के सबसे प्रभावशाली जननेताओं में से एक थे लेकिन वे अकेले स्वतंत्रता के निर्माता नहीं थे। अब प्रश्न आता है- गांधी को राष्ट्रपिता क्यों कहा गया?: यह समझना आवश्यक है कि "राष्ट्रपिता" गांधी की कोई संवैधानिक या विधिक उपाधि नहीं है। यह एक सम्मानसूचक संबोधन है, जो उनकी भूमिका और राष्ट्रीय जीवन पर उनके व्यापक प्रभाव के संदर्भ में प्रचलित हुआ। सुभाषचंद्र बोस ने 1944 में गांधी को "राष्ट्रपिता" कहकर संबोधित किया था। बाद के वर्षों में यह संबोधन जनमानस में व्यापक रूप से स्थापित हो गया।आज के परिप्रेक्ष्य में गांधी की प्रासंगिकता पर भी बहस होनी चाहिए। गांधी के सभी विचारों को आंख बंद करके स्वीकार करना आवश्यक नहीं है, उनके आर्थिक विचार, औद्योगीकरण संबंधी दृष्टिकोण, जाति और सामाजिक प्रश्नों पर उनके विचार तथा राजनीतिक प्रयोग आज आलोचना और पुनर्मूल्यांकन के विषय हो सकते हैं लेकिन गांधी की अहिंसा, सत्य, जनभागीदारी, नैतिक राजनीति और सत्ता के विरुद्ध शांतिपूर्ण प्रतिरोध की अवधारणाएं आज भी महत्वपूर्ण हैं। दुनिया के अनेक लोकतांत्रिक और नागरिक अधिकार आंदोलनों ने गांधी के अहिंसक संघर्ष से प्रेरणा ली।

युवा पीढ़ी को गांधी से सहमत होने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता बल्कि उसे गांधी, सुभाष, भगत सिंह और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को पढ़ने, उनके विचारों की तुलना करने और स्वयं निष्कर्ष निकालने का अवसर मिलना चाहिए। राष्ट्रभक्ति का अर्थ अपने इतिहास को ईमानदारी से समझना है। गांधी को राष्ट्रपिता मानना या न मानना व्यक्तिगत या वैचारिक प्रश्न हो सकता है, लेकिन उनकी ऐतिहासिक भूमिका से इनकार करना कठिन है। उसी प्रकार सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की भूमिका को कम करके देखना भी इतिहास के साथ अन्याय होगा।भारत की आजादी गांधी की अहिंसा मात्र से नहीं मिली और न ही केवल सुभाषचंद्र बोस की सैन्य रणनीति से।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)




**मेष राशिः** मेष राशि वालों, आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपके द्वारा की जाने वाली प्रार्थना का फल जल्दी ही प्राप्त होगा। आज आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और पॉजिटिव बने रहेंगे। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे तो आप अपने काम में बढिय़ा परफॉर्म कर पाएंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। शुभ अंकः 7

**वृष राशिः** वृष राशि वालों, आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। आज दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। आज आपको किसी काम को लेकर उलझन हो सकती है, लेकिन आप शांति से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब सही रहेगा। शुभ अंकः 2

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों, आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने भाई के साथ मिलकर किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको अच्छा धन लाभ होगा। आज प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी और भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। शुभ अंकः 9

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों, आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप जीवन को एक नए नजरिए से देखेंगे और समस्या को पॉज़िटिविटी के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण आज परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश होंगे। आज आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से प्रसन्नता होगी। शुभ अंकः 3

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों, आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज दांपत्य जीवन एवं घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आज युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट न करें। आज आप कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। शुभ अंकः 7

**कन्या राशिः** कन्या राशि वालों, आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं। आज जीवनसाथी व परिवार का सहयोग आपके आत्मबल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज आप स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें। शुभ अंकः 5

**तुला राशिः** तुला राशि वालों, आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है क्योंकि आपको पुराना अटका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों के साथ-साथ नन्हें मेहमान का आगमन होगा। आज आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय मिलेगी और स्वास्थ्य समस्याओं से भी राहत मिलेगी। शुभ अंकः 4

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों, आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ भी आपका ध्यान केंद्रित होगा। आज आप अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें तो आप सफलता के ज्यादा नजदीक होंगे। आज युवाओं को किसी अनुभवी तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शुभ अंकः 8

**धनु राशिः** धनु राशि वालों, आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप घर शिफ्ट करने से पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। नया निवेश करने से पहले आप किसी जानकार की सलाह अवश्य ले लें। आज आपको घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना होगा। आज आपके घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है। शुभ अंकः 9

**मकर राशिः** मकर राशि वालों, आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्यक्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। आज आप भावनाओं में आकर कोई भी फैसला न लें और जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे। शुभ अंकः 4

**कुंभ राशिः** कुंभ राशि वालों, आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहेगा। आज नौकरी या बिजनेस के सिलसिले में आपकी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आपको आपके काम में कामयाबी मिलेगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप अपने सहकर्मियों की मदद करेंगे, जिससे काम सही समय पर पूरा हो जाएगा। शुभ अंकः 2

**मीन राशिः**मीन राशि वालों, आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। यह समय आपके लिए आगे बढऩे का है; सही योगदान देंगे तो आपको आगे बढऩे से कोई नहीं रोक सकता। आज किसी व्यवसाय की योजना को शुरू करने का सही समय है। शुभ अंकः 8

# खेल में अपनी प्रतिभा को पहचाने और भविष्य संवारें

**तेजबहादुर सिंह भुवाल**

– बस्तर–सरगुजा ओलंपिक सहित राष्ट्रीय खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स से निखरी छत्तीसगढ़ के युवा पीढ़ी की पहचान

एक समय था जब यह माना जाता था कि केवल पढ़ाई-लिखाई ही उज्ज्वल भविष्य और अच्छी नौकरी का मार्ग है। इसी सोच को दर्शाते हुए कहा जाता था- 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब।Ó लेकिन आज का भारत इस धारणा को पूरी तरह बदल चुका है।

इसलिए आज के दौर में यह कहना उचित नहीं होगा कि केवल पढ़ाई-लिखाई ही सफलता का एकमात्र मार्ग है। यदि किसी में खेल के प्रति जुनून, अनुशासन और समर्पण है, तो वह खेलों के माध्यम से भी अपने सपनों को साकार कर सकता है। शिक्षा और खेल, दोनों मिलकर व्यक्तित्व का समग्र विकास करते हैं तथा जीवन में सफलता के नए द्वार खोलते हैं।

खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास, अनुशासन और सफलता की ऐसी पाठशाला है, जहाँ से भविष्य के विजेता तैयार होते हैं। आज खेलों में करियर की असीम संभावनाएँ हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान, रोजगार, आर्थिक सुरक्षा और वैश्विक पहचान मिल रही है। ऐसे समय में प्रत्येक युवा के लिए आवश्यक है कि वह अपनी खेल प्रतिभा को पहचाने और उसे सही दिशा देकर अपने भविष्य को संवारे। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष क्षमता होती है। किसी की गति उसे उत्कृष्ट धावक बनाती है तो किसी की फुर्ती कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, तीरंदाजी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल या अन्य खेलों में सफलता दिला सकती है। यदि प्रतिभा को समय पर प्रशिक्षण और अवसर मिले, तो वही खिलाड़ी प्रदेश और देश का गौरव बनता है।

खेलों का सबसे बड़ा योगदान यह है कि वे जीवन के महत्वपूर्ण गुणों का विकास करते हैं। अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, समय प्रबंधन और संघर्ष का साहस खेल के मैदान में ही सीखा जाता है। यही गुण आगे चलकर जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नींव रखते हैं। छत्तीसगढ़ में खेलों को नया स्वरूप देने की दिशा में राज्य शासन ने उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, ग्रामीण और जनजातीय अंचलों के युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने तथा खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। प्रदेश में आधुनिक खेल अधोसंरचना का विकास, प्रशिक्षण सुविधाओं







का विस्तार, खेल अकादमियों को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसी के साथ ही इस वर्ष से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का सफल आयोजन किया गया है।

विशेष रूप से बस्तर ओलंपिक और सरगुजा ओलंपिक जैसी अभिनव पहल ने खेलों को गाँव-गाँव तक पहुँचाया है। इन आयोजनों ने दूरस्थ वनांचलों और जनजातीय क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है। परंपरागत खेलों के साथ आधुनिक खेलों को भी बढ़ावा देकर हजारों युवाओं, महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। इन प्रतियोगिताओं ने यह साबित किया है कि अवसर मिलने पर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने की क्षमता रखते हैं। इसके साथ ही विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं, ग्रामीण खेल आयोजनों, प्रतिभा खोज कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से नई प्रतिभाओं की पहचान की जा रही है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, सम्मान और विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर कई पुरस्कार प्रदान करती है। जिसमे गुंडाधुर सम्मान शामिल है। यह छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण के तहत दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। यह पुरस्कार बस्तर के वीर नायक गुंडाधुर की स्मृति में, खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाता है। दूसरा महाराज प्रवीरचंद भंजदेव के नाम पर है। यह पुरस्कार विशेष रूप से तीरंदाजी के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ में खेल प्रोत्साहन योजना भी शुरू की गई है, जिससे युवाओं में खेल का अवसर प्राप्त हो सके। छत्तीसगढ़ के कई ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, जो छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वर्तमान में ज्ञानेश्वरी यादव ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 (ग्लासगो) में महिला 53 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। अमितेश कुजूर ने राष्ट्रमंडल खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसी प्रकार अन्य खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। आज खेल केवल खिलाड़ी बनने तक सीमित नहीं हैं। खेल प्रशिक्षक, फिटनेस विशेषज्ञ, खेल प्रबंधन, खेल विज्ञान, खेल पत्रकारिता और खेल प्रशासन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी युवाओं के लिए रोजगार और करियर के नए अवसर उपलब्ध हैं। इसलिए खेल को अब केवल शौक नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण के प्रभावी माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए। अभिभावकों और शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की रुचि और क्षमता को पहचानें तथा उन्हें खेलों में आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित करें। पढ़ाई और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उत्कृष्ट शिक्षा और सफल जीवन का आधार बनते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# डार्विन टेस्टः हसन महमूद की घातक गेंदबाजी, बांग्लादेश ने पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को 198 पर समेटा

**एजेंसी, डार्विन**

अभ्यास मैच में महज 54 रन पर ढेर होने के छह दिन बाद बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन गुरुवार को शानदार वापसी की। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 55 रन देकर छह विकेट झटके, जिससे बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 198 रन पर समेट दिया। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने एक विकेट पर 96 रन बना लिए थे और वह ऑस्ट्रेलिया से 102 रन पीछे है। महमूद के अलावा तस्कीन अहमद और एबादत हुसैन ने दो-दो विकेट लिए। बांग्लादेश के टेस्ट इतिहास में यह केवल दूसरी बार है, जब उसके तेज गेंदबाजों ने किसी टेस्ट पारी के सभी 10 विकेट हासिल किए हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले घंटे से ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को दबाव में रखा। तस्कीन और



महमूद ने जेक वेदराल्ड और ट्रेविस हेड को लगातार ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी की। वेदराल्ड महमूद की स्विंग होती गेंद का शिकार बने, जबकि हेड भी जल्द पवेलियन लौट गए। इसके बाद मार्नस लाबुशेन सिर्फ 20 गेंदों में संघर्ष करते नजर आए और एबादत की गेंद पर स्लिप में नजमुल हुसैन शांतो को कैच दे बैठे। पहले सत्र की आखिरी गेंद पर तस्कीन ने कैमरन ग्रीन को मिडविकेट पर मुशफिकुर रहीम के शानदार कैच के जरिए आउट कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 74 रन कर दिया। लंच के बाद स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी ने पांचवें विकेट के लिए 55 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को संभाला। दोनों ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए लेकिन बांग्लादेशी गेंदबाजों ने जल्द ही वापसी कर ली। एबादत ने कैरी को अंदरूनी किनारा लगवाकर बोल्ड किया, जबकि तस्कीन ने ब्यू वेबस्टर को बोल्ड कर दिया। इसके बाद महमूद ने ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम को समेट दिया। महमूद ने पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क को विकेट के पीछे कैच कराया, जबकि स्मिथ और नाथन लियोन आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया 198 रन पर ऑलआउट हो गया। स्मिथ ने सर्वाधिक 71 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के 198 रन के जवाब में बांग्लादेश को भी शुरुआत में मिशेल स्टार्क ने झटका दिया। उन्होंने शादमान इस्लाम को गली में कैच कराया। इसके बाद तंजीद हसन और मोमिनुल हक ने शानदार संयम दिखाया। दोनों ने लगभग 16 ओवर तक ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सामना करते हुए नाबाद 60 रन की साझेदारी की। दोनों ने ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को छोड़ने और गेंद को देर से खेलने की रणनीति अपनाई।

## हार्दिक पांड्या मेरे आदर्श हैंः एपीएल में दोइखो दास का शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी, गुवाहाटी**

पहली इंपीरियल ब्लू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर असम प्रीमियर लीग (एपीएल) 2026 के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ डिब्रूगढ़ वारियर्स के तेज गेंदबाज दोइखो दास टूर्नामेंट के प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में शामिल हो गए हैं। वारियर्स ने अब तक छह में से पांच मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। चराईदेव सनराइजर्स के खिलाफ 33 रन देकर चार विकेट लेने वाले दास ने भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांण्ड्या को अपना आदर्श बताया है। पांड्या से प्रेरित दास बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए तेज शॉर्ट-पिच



गेंदों पर विशेष जोर दे रहे हैं। दास ने कहा, "मैं शॉर्ट बॉल को अपनी मुख्य गेंद मानता हूं। इससे मुझे सफलता मिली है और पिच से मदद मिलने के कारण मैं अपनी इस ताकत पर भरोसा कर रहा हूं।" एपीएल में अभी तक बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलने के बावजूद दास अपने ऑलराउंड कौशल को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर वह बल्ले से भी टीम के लिए योगदान देने को तैयार हैं। छह मैचों में 13 विकेट और 7.80 की इकॉनमी रेट के साथ दास टूर्नामेंट की प्रमुख खोजों में शामिल हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अनुशासित गेंदबाजी को देते हुए कहा कि वह बल्लेबाज के बजाय अपनी गेंदबाजी की सही जगह और तय रणनीति पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दास ने कहा, "अगर टीम नहीं जीतती तो व्यक्तिगत प्रदर्शन उतना मायने नहीं रखता। मैं अभी संतुष्ट नहीं हूं, क्योंकि मैं लगातार सुधार कर टीम को आगे बढ़ाने में मदद करना चाहता हूं।" गुवाहाटी वारियर्स के खिलाफ हालिया हार के बाद वारियर्स शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। हालांकि दास को टीम की वापसी का भरोसा है। उन्होंने कहा, "हार खेल का हिस्सा है। हम अपनी गलतियों से सीखेंगे और आगामी मैचों में वापसी करेंगे।"

## फिनलैंड की मेजबानी में टी-20 विश्व कप यूरोप उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर 14 अगस्त से

**एजेंसी, हेलसिंकी**

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप-2028 के यूरोप उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर का अंतिम चरण शुक्रवार से फिनलैंड में शुरू होगा। 14 से 21 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट की विजेता टीम 2027 में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप यूरोप क्वालीफायर में जगह बनाएगी। यह यूरोप में इस गर्मी आयोजित किए जा रहे उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर का अंतिम चरण है। इसके बाद विजेता टीम के पास 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी-20 विश्व कप के




वैश्विक क्वालीफायर में पहुंचने का मौका होगा। प्रतियोगिता में 10 टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप-1 में मेजबान फिनलैंड के साथ बुल्गारिया, आइल ऑफ मैन, लक्जमबर्ग और स्पेन को रखा गया है। वहीं ग्रुप-2 में चेकिया, जर्मनी, ग्रीस, इजराइल और पुर्तगाल शामिल हैं। दोनों समूहों की शीर्ष टीमें फाइनल में आमने-सामने होंगी। फिनलैंड में होने वाले इस चरण की विजेता टीम यूरोप क्वालीफायर में उपलब्ध अंतिम स्थान हासिल करेगी। फिनलैंड के लिए यह टूर्नामेंट देश में क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव को दिखाने का बड़ा अवसर है। फिनलैंड ने इससे पहले 2022 में आईसीसी उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर की मेजबानी की थी। इस बार आईसीसी ने पहली बार फिनलैंड के सभी मुकाबलों के लिए फिनिश भाषा में कमेंट्री की व्यवस्था की है। मुकाबले आईसीसी.टीवी और फिनलैंड के सार्वजनिक प्रसारक की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग एवं कैच-अप सेवा वाईएलई एरीना पर उपलब्ध होंगे। टूर्नामेंट के अन्य सभी मुकाबले भी आईसीसी.टीवी पर दुनियाभर में लाइव स्ट्रीम किए जाएंगे।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 17 अगस्त से, आईओए ने दुनिया भर के खिलाड़ियों और प्रशंसकों का किया स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली** । भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए दुनिया भर के बैडमिंटन खिलाड़ियों, अधिकारियों और प्रशंसकों का स्वागत किया है। विश्व के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को एक मंच पर लाने वाली यह चैंपियनशिप खेल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में शामिल है। इसके आयोजन के साथ भारत ने बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए खुद को एक भरोसेमंद और सक्षम देश के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आईओए ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि चैंपियनशिप की सफल मेजबानी भारत सरकार के निरंतर सहयोग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के खेल तंत्र को मजबूत करने तथा भारत को वैश्विक खेल राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। खेल बुनियादी ढांचे, खिलाड़ियों के विकास, उच्च प्रदर्शन कार्यक्रमों और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी में लगातार निवेश के माध्यम से भारत ने विश्व खेल मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है। भारत में इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी से न केवल देश की आयोजन क्षमता का प्रदर्शन होता है, बल्कि युवा पीढ़ी को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरणा मिलती है।

## पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी नूरजहां जमानी सरदार पटेल खेल पुरस्कार से सम्मानित

**एजेंसी, अहमदाबाद**

भारत की नंबर एक और विश्व की 27वें नंबर की पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी नूरजहां नूरअली जमानी को गुजरात सरकार के प्रतिष्ठित सरदार पटेल खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने 12 अगस्त को गांधीनगर में आयोजित समारोह में नूरजहां को यह पुरस्कार प्रदान किया। खेल, युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधि विभाग, गुजरात सरकार की ओर से दिए जाने वाले सरदार पटेल खेल पुरस्कार को राज्य के सर्वोच्च खेल सम्मानों में शामिल



माना जाता है। भारत के लौह पुरुष और देश के राजनीतिक एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर दिए जाने वाला यह पुरस्कार खेल के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन, दृढ़ता और संघर्ष के साथ गुजरात तथा देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को प्रदान किया जाता है। नूरजहां को पांच साल की उम्र में पोलियो हुआ था। उन्होंने 2007 से 2010 के बीच पहली बार पैरा टेबल टेनिस में हिस्सा लिया, लेकिन इसके बाद एक दशक से अधिक समय तक खेल से दूर रहीं। वर्ष 2022 में प्रतिस्पर्धी टेबल टेनिस में उनकी वापसी ने उनके करियर में एक शानदार नए अध्याय की शुरुआत की। वापसी के बाद नूरजहां ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इंदौर में आयोजित यूटीटी पैरा सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में अपना खिताब बरकरार रखा।

# बिजनेस


# एलएपीएल ऑटोमोटिव की स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत

### मुनाफा वसूली के बावजूद फायदे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑटो कंपोनेंट्स बनाने वाली कंपनी एलएपीएल ऑटोमोटिव के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 94 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 43.62 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 135 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 139 रुपये के स्तर पर आ गया।

हालांकि बाद में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से कंपनी के शेयर 128.25 रुपये के स्तर तक गोता लगा कर बंद हुए। दिन के दूसरे सत्र में जमकर हुई मुनाफा वसूली



के बावजूद पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 34.25 रुपये यानी 36.44 प्रतिशत का फायदा हो गया। इस कंपनी का 32.40 करोड़ रुपये का आईपीओ 06 से 10 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 344.31 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 200.23 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 433.26 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 387.78 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 34,46,400 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी औरंगाबाद की ऑरिक सिटी में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने, पुराने कर्ज के बोझ को हल्का करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। एलएपीएल ऑटोमोटिव की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 2.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 5.03 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 8.63 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 61.03 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 67.07 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 94.32 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई में 34.3 प्रतिशत बढ़कर 4,57,810 इकाई हुई : सियाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**। भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद पूरी रफ्तार से दौड़ रहा है। जुलाई में वाहनों की बिक्री अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर रही है। इसमें यात्री, दोपहिया और तिपहिया वाहनों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है, जिससे घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 34.3 फीसदी का उछाल आया है। उद्योग संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने गुरुवार को आंकड़ों के जरिये बताया कि घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 34.3 फीसदी बढ़कर 4,57,810 इकाई पर पहुंच गई। यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई, 2025 में 3,40,772 इकाई रही थी। इसी तरह जुलाई महीने में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 22.6 फीसदी बढ़कर 19,23,483 इकाई रही, जबकि जुलाई 2025 में यह 15,69,120 इकाई रही थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी जुलाई में 33.4 फीसदी बढ़कर 92,560 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 69,403 इकाई थी।

## गजा कैपिटल के आईपीओ की लॉन्चिंग 19 अगस्त को, 152 से 160 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड फिक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कैटेगरी वन और कैटेगरी टू के इंडिया फोकस फंड्स के लिए इनवेस्टमेंट मैनेजर के रूप में और भारत में कंपनियों को कैपिटल देने वाले ऑफशोर फंड्स के लिए एडवाइजर के तौर पर काम करने वाली कंपनी गजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट ने अपने आईपीओ की लॉन्चिंग का ऐलान कर दिया है। कंपनी का 550 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा।

इस आईपीओ में निवेशक 21 अगस्त तक बोली लगा सकेंगे। एंकर इन्वेस्टर्स इस आईपीओ में 18 अगस्त को बोली लगाएंगे। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 24 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 25 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 26 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 152 रुपये से लेकर 160 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 93 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम




से कम एक लॉट यानी 93 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर्स 1,93,440 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 1,209 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं।

इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 3,43,75,000 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें लगभग 450 करोड़ रुपये के 2,81,25,000 नए शेयर जारी हो रहे हैं, जबकि लगभग 100 करोड़ रुपये के 62,50,000 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचा जा रहा है। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए ज्यादा से ज्याद 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए कम से कम 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए न्यूनतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं एमयूजीएफ इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। गजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 44.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 61.95 करोड़ रुपये के स्तर पर और पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में उछल कर 81.96 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का दौर लगातार जारी है। आज शुरुआती कारोबार के दौरान भी सोना और महंगा होकर कारोबार कर रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,0400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत 500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 5400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गई है। सोना के विपरीत हाजिर चांदी के भाव में आज शुरुआती कारोबार के दौरान 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,870 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,41,960 रुपये




प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,55,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला क्रेडेंट कनेक्ट का आईपीओ, 20 अगस्त को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डायग्नोस्टिक लैब, आईवीडी और फार्मास्यूटिकल फर्म्स, क्लीनिक्स और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को इंटिग्रेटेड लॉजिस्टिक्स, ह्यूमन रिसोर्स और टेक्नोलॉजी बेस्ड सर्विस देने वाली कंपनी क्रेडेंट कनेक्ट एंड केयर का 93.90 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 17 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 18 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 19 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 20 अगस्त को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद पहले दिन कुछ घंटे में ही ये आईपीओ फुली सब्सक्राइब हो गया। शाम 3:40 बजे तक इस पब्लिक इश्यू को 1.76 गुना सब्सक्रिप्शन



मिल चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 179 रुपये से लेकर 189 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 1,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,26,800 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 49.68 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 26.60 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 46.46 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 19.87 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 7.07 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। हेम फिनलीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। क्रेडेंट कनेक्ट एंड केयर की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार-चढ़ाव होता रहा है।

# मुंबई अंडरवर्ल्ड पर राम गोपाल वर्मा का नया दांव, क्राइम-थ्रिलर फिल्म पुलिस कंपनी का किया ऐलान



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक राम गोपाल वर्मा एक बार फिर मुंबई के अंडरवर्ल्ड और अपराध जगत के काले पन्नों को बड़े पर्दे पर उकेरने के लिए तैयार हैं। अपनी अगली महत्वाकांक्षी फिल्म पुलिस कंपनी के साथ वे उसी पृष्ठभूमि में वापसी कर रहे हैं, जिसने उन्हें भारतीय सिनेमा में एक अलग पहचान दिलाई। इस नए प्रोजेक्ट का निर्माण टी-सीरीज कर रहा है। यह फिल्म मुंबई पुलिस द्वारा संगठित अपराध के खिलाफ छेड़ी गई भीषण जंग और वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। इस क्राइम ड्रामा में अभिनेता हर्षवर्धन राणे मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी इस नई फिल्म के नाम और उसके पीछे के विचार की आधिकारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की टैगलाइन इट इज मोर डेंजरस दैन डी कंपनी रखी गई है। पुलिस बल और आपराधिक गिरोहों के अंतर को स्पष्ट करते हुए निर्देशक ने लिखा कि पुलिस एक संवैधानिक संस्था है, जबकि अंडरवर्ल्ड केवल पैसा कमाने वाला संगठन है। हालांकि, जब किसी संस्था को असीमित शक्तियां दे दी जाती हैं, तो वह भी एक समय बाद कंपनी का रूप ले लेती है। फिल्म की पृष्ठभूमि मुंबई के उस दौर पर आधारित है जब शहर में अंडरवर्ल्ड का खौफ चरम पर था। राम गोपाल वर्मा के अनुसार, दाऊद इब्राहिम ने अपने प्रतिद्वंद्वी गिरोहों को खत्म कर अपने गैंग को डी कंपनी के रूप में स्थापित किया और खुद दुबई चला गया, जबकि मुंबई की कमान अपने गुर्गे छोटा राजन को सौंप दी। बाद में दाऊद और छोटा राजन के बीच हुए विवाद के बाद अंडरवर्ल्ड में एक बड़ा खालीपन पैदा हो गया। इसका फायदा उठाकर कई नए गैंग मुंबई पर कब्जा जमाने की होड़ में कूद पड़े, जिससे शहर में हिंसक अपराधों की बाढ़ आ गई। अंडरवर्ल्ड के बढ़ते आतंक से निपटने के लिए मुंबई पुलिस ने एक स्पेशल स्क्वाड का गठन किया था। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि वर्ष 1997 से 2004 के बीच इस विशेष दस्ते ने अभूतपूर्व कार्रवाई करते हुए 300 से अधिक गैंगस्टरों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। फिल्म पुलिस कंपनी इसी स्पेशल स्क्वाड और इसके सबसे चर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अधिकारियों में से एक दया नायक की कहानी पर केंद्रित होगी। अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म में दया नायक का किरदार निभाते दिखेंगे। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग की पुष्टि करते हुए अभिनेता के पहले लुक की तस्वीरें भी साझा की हैं। राम गोपाल वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुलिस कंपनी में एक बड़ी स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसके अन्य प्रमुख कलाकारों के नामों का खुलासा जल्द किया जाएगा। वहीं, मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे के करियर की बात करें तो उनके पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। पुलिस कंपनी के अलावा वे मिलाप ज़वेरी की एक्शन-थ्रिलर फिल्म यूनिफॉर्म, उमंग कुमार की शिला और जॉन अब्राहम के साथ भाव धुलिया के निर्देशन में बनने वाली फिल्म फोर्स 3 में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आएंगे।



# मालामाल वीकली 2 की टोली में शामिल हुईं शिल्पा शिरोडकर, बॉलीवुड में करेंगी वापसी

परेश रावल अभिनीत फिल्म मालामाल वीकली के सीक्वल पर जोर-शोर से काम चल रहा है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित ये फिल्म साल 2006 में रिलीज हुई थी और अब इसका सीक्वल लोगों का मनोरंजन करने आ रहा है, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अमित जोशी को मिली है। हालिया अपडेट है कि 90 के दशक की लोकप्रिय अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर इसका हिस्सा बन गई हैं। मालामाल वीकली 2 के जरिए शिल्पा 26 साल बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा ने मालामाल वीकली 2 का प्रस्ताव मिलते ही तुरंत हामी भर दी। एक सूत्र ने कहा, शिल्पा को अपना किरदार और पूरी स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। फिल्म निर्माता उन्हें फिल्म में लेना चाहते थे। हालांकि, उन्होंने काफी समय से कोई फिल्म साइन नहीं की है, लेकिन उन्हें नियमित अंतराल पर प्रस्ताव मिलते रहते हैं, इसलिए जब शिल्पा ने फिल्म का हिस्सा बनने में दिलचस्पी दिखाई तो मलामाल वीकली 2 के निर्माता बेहद खुश हो गए। शिल्पा को आखिरी बार दिवंगत एमएफ हुसैन की हिंदी फिल्म गज गामिनी (2000) में देखा गया था। उन्हें दोबारा से बॉलीवुड में वापसी करते हुए देखने के लिए फैंस भी बेहद उत्साहित हो रहे हैं। खबरों के अनुसार, रवीना टंडन और परिणीति चोपड़ा भी मालामाल वीकली 2 की कस्ती में पहले से हैं। रितेश देशमुख और राजपाल यादव भी परियोजना में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, निर्माताओं ने स्पष्ट किया है कि दूसरी कड़ी के किरदार और पृष्ठभूमि अलग होगी।



# बंटवारा 1947 के लिए एडवांस बुकिंग शुरू, सिनेमाघरों में 14 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की फिल्म बंटवारा 1947 अपनी रिलीज से कुछ दिन दूर है। इससे पहले निर्माताओं ने इसकी एडवांस बुकिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है, जिसका ऐलान उन्होंने सोशल मीडिया पर किया है। राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शन द्वारा निर्मित, इस एक्शन-थ्रिलर का ट्रेलर और गाने पहले ही दर्शकों के बीच हलचल पैदा कर चुके हैं। अब फिल्म की रिलीज को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच चुका है। इस साल की शुरुआत में, गणतंत्र दिवस के अवसर पर सनी की फिल्म बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, वहीं स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले, 14 अगस्त को उनकी फिल्म बंटवारा 1947 रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में उनके साथ प्रीति जिंटा मुख्य किरदार में हैं, जो 2018 में आई फिल्म भैयाजी सुपरहिट के साथ सिनेमा में वापसी कर रही हैं। शबाना आजमी, अली फजल, अभिमन्यु सिंह और करण देओल भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। बंटवारा 1947 भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान मानवता, बलिदान और साहस जैसे विषयों पर केंद्रित है। इसकी कहानी लोकप्रिय लेखक और नाटककार असगर वजाहत के मशहूर नाटक जिस लाहौर नई वेख्या, ओ जम्या ही नई पर आधारित है। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है, जबकि गीत जावेद अख्तर ने लिखे हैं। 14 अगस्त को ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इमरान हाशमी अभिनीत आवारापन 2 से सामना करेगी, जो उसी दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।





# मिर्जापुरः द मूवी का ट्रेलर जारी, मुन्ना भैया-गुड्डू पंडित के बीच दिखा गद्दी का असली संग्राम

इंतजार खत्म हुआ. मिर्जापुरः द मूवी का ट्रेलर रिलीज हो गया है. यह फिल्म प्राइम वीडियो की पॉपुलर फ्रैंचाइजी को बड़े पर्दे पर ला रही है, जिसमें पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु अपने पसंदीदा किरदारों में वापसी कर रहे हैं. रवि किशन, जितेंद्र कुमार और सोनल चौहान भी अहम किरदारों में नजर आएंगे. ट्रेलर में फिल्म की एक लंबी झलक दिखाई गई है और इससे फैंस को पता चलता है कि स्ट्रीमिंग सीरीज से सिनेमा तक के इस सफर में क्या-क्या देखने को मिलेगा. मेकर्स ने मिर्जापुरः द मूवी का धांसू ट्रेलर रिलीज किया. इंस्टाग्राम पर इसे साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, गद्दी ना तो विरासत से मिलती है, ना सियासत से. मिलती है तो सिर्फ और सिर्फ बाहुबल से और टिकती है डर पे. मिर्जापुर की एक नई कहानी, बड़े पर्दे के लिए. मिर्जापुरः द मूवी का ट्रेलर आउट. ट्रेलर की शुरुआत एक गद्दी से होती है. बैकग्राउंड में पंकज त्रिपाठी का डायलॉग गद्दी ना तो विरासत से मिलती है, ना सियासत से. मिलती है तो सिर्फ और सिर्फ बाहुबल से और टिकती है डर पे सुनाई देता है. मेकर्स ने नई फिल्म को एक ऐसी कहानी के रूप में वर्णित किया है जहां गद्दी विरासत या राजनीति के माध्यम से नहीं पाया जाता है. मिलती है तो सिर्फ और सिर्फ बाहुबली से और दिखती है डर पे. मिर्जापुरः द मूवी को सीरीज के उलट बनाया गया है. फिल्म बनाने वालों ने इसे थिएटर में दिखाने लायक बनाने के लिए इसके विजुअल और एक्शन सीन, दोनों को और बड़ा और शानदार बनाया है. कहानी कई जगहों से होकर गुजरती है. यह पूर्वांचल की जानी-पहचानी गलियों से आगे बढ़कर राजस्थान के विशाल इलाकों तक जाती है. उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव देगा, साथ ही उस दमदार माहौल को भी बनाए रखेगा, जिसने इस फ्रैंचाइजी को इतना पॉपुलर बनाया था.




# दोपहर में की गई इन गलतियों कारण कम होने लगती है शरीर की ऊर्जा

दोपहर के समय ऊर्जा का स्तर अचानक गिरना एक आम समस्या है, जिसका कई लोगों को सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण हमारी दिनचर्या और खान-पान से जुड़ा होता है। अगर आप भी दोपहर में थकान और सुस्ती महसूस करते हैं तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे, जिन्हें सुधारकर आप अपनी ऊर्जा को बनाए रख सकते हैं और पूरे दिन सक्रिय रह सकते हैं। दोपहर के समय भारी और मसालेदार भोजन करने से पाचन तंत्र पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे नींद आती है। इससे बचने के लिए हल्का और पौष्टिक भोजन करें, जैसे सलाद, दही या फल। इनसे आपको जरूरी पोषक तत्व मिलेंगे और ऊर्जा भी बनी रहेगी। इसके अलावा पानी पीते रहें, ताकि आपका शरीर नमी से



भरा रहे और आप तरोताजा महसूस करें।

चाय या कॉफी का अधिक सेवन करने से आपको अस्थायी ऊर्जा मिल सकती है, लेकिन यह लंबे समय तक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। इससे शरीर में जलन बढ़ती है और नींद भी प्रभावित होती है। बेहतर होगा कि आप दिनभर में सीमित मात्रा में ही इनका सेवन करें और इसके बजाय हर्बल चाय या नींबू पानी पिएं। इससे आपका शरीर नमी से भरा रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे। लैपटॉप या मोबाइल स्क्रीन पर लगातार काम करने से आंखों पर तनाव पड़ता है, जिससे सिरदर्द और थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे नींद आने की समस्या खड़ी हो जाती है। इससे बचने के लिए हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए अपनी आंखों को बंद करें या दूर देखें।

इसके अलावा स्क्रीन ब्रेक लेने के लिए उठकर थोड़ी देर टहलें या हल्की स्ट्रेचिंग करें। इससे आपकी आंखें आराम करेंगी और आप तरोताजा महसूस करेंगे। काम करते समय बीच-बीच में हल्की-फुल्की कसरत करना बहुत फायदेमंद होता है। इससे मांसपेशियों में खिंचाव आता है और रक्त संचार बेहतर होता है। आप कुर्सी पर बैठकर गर्दन घुमा सकते हैं, हाथ-पैर खींच सकते हैं या कुछ मिनट टहल सकते हैं। इससे आपका मन भी तरोताजा रहेगा और आप पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे। इस तरह आप अपनी दिनचर्या में हल्की-फुल्की कसरत शामिल करके आसानी से अपनी ऊर्जा को बनाए रख सकते हैं।

## पर्याप्त पानी न पीना

शरीर को नमी से भरा रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि पानी की कमी से भी थकान होती है। दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए, ताकि शरीर में नमी बनी रहे और ऊर्जा स्तर भी ठीक रहे। इसके अलावा आप नारियल पानी या ताजे फलों का रस भी पी सकते हैं, जो न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर भी होते हैं। इससे आपका शरीर नमी से भरा रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।



# मानसून में मोनालिसा ने ढाया कहर; डेनिम शॉट्र्स और लाल टॉप में दिए स्टाइलिश पोज

मोनालिसा भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री हैं। अपने अभिनय के अलावा वे लुक्स को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। वे अपनी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। आज मंगलवार को भी एक्ट्रेस ने अपने स्टाइलिश लुक साझा किए हैं। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने अपनी स्टाइलिश तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें मोनालिसा डेनिम शॉट्र्स और रेड टॉप में दिख रही हैं। उन्होंने टीशर्ट से मैचिंग फुटवियर्स पहन रखे हैं। तस्वीरों के साथ मोनालिसा ने रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। भोजपुरी अदाकारा ने ये तस्वीरें नेचर के बीच पार्क में क्लिक कराई हैं। वे अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। 43 वर्षीय मोनालिसा अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। वे फिट रहने के लिए नियमित एक्सरसाइज



करती हैं। मोनालिसा की तस्वीरों पर नेटिजंस तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स उन्हें गॉर्जियस डॉल कह रहे हैं। मोनालिसा की पर्सनल लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस की शादी भोजपुरी एक्टर विक्रम सिंह राजपूत से हुई है। दोनों ने साल 2017 में शादी रचाई थी।

BRIFF NEWS

## FSSAI puts influencers celebrities on notice over food promotions




**New delhi, Agency:** From "boosts immunity" to "rich in nutrients", food claims endorsed by celebrities and social media influencers are now under the Food Safety and Standards Authority of India's (FSSAI) scanner. In a significant move aimed at curbing misleading promotions, the regulator has warned influencers and celebrities that endorsing unverified food claims could invite legal action, even as it cracked down on manufacturers selling unsafe food products.

The advisory comes at a time when food brands are increasingly relying on digital creators and celebrities to market health drinks, protein supplements, snacks and packaged foods to millions of consumers online. FSSAI has asked influencers to verify that every claim made by a brand is truthful, scientifically substantiated and compliant with food safety regulations before lending their name or credibility.

The regulator said endorsements are more than advertisements because consumers often trust the people promoting them. It cautioned influencers against amplifying claims such as "boosts immunity" or "rich in nutrients" unless they are backed by evidence and permitted under food laws. Misleading food advertisements and endorsements, it said, can attract action under the Food Safety and Standards Act, 2006, and the Food Safety and Standards (Advertising and Claims) Regulations, 2018.

## Govt asks Air India to take responsibility tells DGCA to improve dope checks

**NEW DELHI, Agency:** Govt has warned Air India to improve its oversight on operations and "take responsibility" for ensuring safety. The aviation ministry has also ordered DGCA to quickly revise its drug-testing rules and increase the percentage of personnel who must undergo mandatory testing.The govt has also directed the aviation regulator to enforce tougher penalties against those testing positive for "real" drugs, while giving additional chances to those whose positive results stem from medicines.

The pilot-in-command of Air India's badly rattled Aug 4 Phuket-Delhi flight with 145 people onboard is learnt to have told investigators he had been prescribed sleeping pills due to personal problems which, he claims, led to the positive dope tests. His onboard behaviour is also underthe scanner after the cabin crew complained against him.

The final report of AI's last June Ahmedabad crash in which 260 people lost their lives is not yet out and then something like this happens with Air India.

# Govt notifies Rs 3,030-crore scheme for three mega chemical parks

**New delhi, Agency:** The Centre has formally notified the BHAVYA Rasayan scheme to establish three greenfield chemical parks across the country, paving the way for states to compete for projects aimed at boosting domestic chemical manufacturing, reducing import dependence and attracting investment.

The Gazette notification issued by the Ministry of Chemicals and Fertilisers operationalises the scheme approved by the Union Cabinet last month. With a total outlay of Rs 3,030 crore, the scheme will run from 2026-27 to 2030-31 and support the creation of shared industrial infrastructure for the chemical sector.

Under the scheme, the Centre will provide up to Rs 1,000 crore for each chemical park, subject to the concerned state contributing at least Rs 500 crore. Any expenditure beyond this will have to be borne by the state government. Each park must have a minimum 8 sq km (2,000 acres) of contiguous, encumbrance-free land. The parks will be selected through a challenge-based competitive process, with proposals evaluated on predefined quantitative and qualitative parameters, including strategic relevance, financial viability, implementation plans and long-term sustainability.



According to the notification, the parks will provide common facilities such as central effluent treatment plants, hazardous waste management systems, water supply, solvent recovery and distillation units, steam generation and distribution networks, interconnected pipelines, logistics infrastructure, laboratory testing centres and emergency response facilities, enabling industries to reduce costs and improve environmental compliance.

The government said the scheme is aimed at strengthening the entire chemical value chain, enhancing domestic production capacity, improving cost competitiveness, promoting exports and import substitution, attracting domestic and foreign investment, and generating employment, while contributing to the goal of Viksit Bharat 2047.

## Al-Qaida offshoot AQIS behind Red Fort blast in 2025: UNSC report confirms



**New delhi, Agency:** The United Nations Security Council (UNSC) has officially attributed the November 2025 blast near Delhi's iconic Red Fort to Al-Qaida in the Indian Subcontinent (AQIS), according to the 38th report of its Analytical Support and Sanctions Monitoring Team.

The attack on November 10 last year claimed 11 lives. Al-Qaida in the Indian Subcontinent (AQIS, not listed) continued to evolve from a fragmented group into a regional terrorist entity; it established logistics and financial networks, working in decentralised, small, scattered cells instead of large units. The attack in November 2025 on the Red Fort in Delhi was officially attributed to AQIS," the report, published on August 10, stated.

The assessment marks a significant shift in the attribution of the Red Fort attack, which had earlier been linked to the Pakistan-based Jaish-e-Mohammed (JeM).

The report noted that one member state had attributed a series of attacks to JeM and also linked the group to the Red Fort blast.

## From New York to Delaware: US states to commemorate 'India Day' on August 15

**New delhi, Agency:** Delaware has proclaimed August 15, 2026, as 'India Day', joining New York and New Jersey in recognising India's Independence Day and the contributions of the Indian-American community ahead of the country's 80th Independence Day.

The proclamation was issued by Delaware Governor Matthew Meyer, who highlighted the state's growing Indian-American community and its contributions to the state's social and economic life.

The development was shared by the Consulate General of India in New York on August 13.

According to the proclamation, Delaware is strengthened by the many cultures and traditions represented across its communities, including its Indian-American population.



Delaware honours Indian-American community

The proclamation said Delawareans of Indian heritage have enriched the state through their work, leadership and service, contributing to shared prosperity and creating opportunities for future generations.

It also highlighted India's diversity of languages, traditions, faiths and customs, noting that generations of Indian Americans have carried these traditions forward while building communities in the US.

The proclamation said India Day would provide an opportunity to honour India's independence, celebrate the heritage and achievements of Delaware's Indian-American community and recognise the enduring connections between Delaware and the people of India.

# Motihari Holds Full-Dress Rehearsal Ahead of Independence Day

Sagar Suraj | Motihari

With preparations underway for the Independence Day celebrations, a full-dress rehearsal was held at Motihari's historic Gandhi Maidan on Thursday, with senior civil and police officials reviewing the ceremonial arrangements and parade ahead of the August 15 function.

District Magistrate (DM) Saurabh Suman Yadav took the salute during the rehearsal, before jointly inspecting the parade with Superintendent of Police (SP) Swarn Prabhat.

The exercise was aimed at ensuring that the ceremonial proceedings and parade are conducted smoothly during the district-level Independence Day celebrations.

Bihar Rural Development and Information and Public Relations Minister and East Champaran district's in-charge minister, Shravan Kumar, will unfurl the national flag at Gandhi Maidan at 9 am on August 15.

### Eight platoons to participate in August 15 parade at Gandhi Maidan

Eight platoons are scheduled to participate in the parade, with contingents from the Sashastra Seema Bal (SSB), Bihar Military Police (BMP), Home Guards, Special Auxiliary Police (SAP), District Armed Police (DAP), NCC Senior Division and Scouts and Guides.



The rehearsal was attended by Additional District Magistrate Mukesh Kumar Sinha, Deputy Development Commissioner Dr Pradeep Kumar, Additional District Magistrate (Public Grievances) Shailendra Kumar Bharti, ADM (Departmental Inquiry) Md Sibgatullah, Assistant Collector Rajkrishna Jha, Sadar Sub-Divisional Officer Arun Kumar and Sadar Sub-Divisional Police Officer Dilip Kumar.

Senior Deputy Collectors Premlata, Amaresh Kumar and Nidhi Kumari, District Education Officer Rajan Kumar Giri and District Welfare Officer Santosh Kumar Pandey were also present.

The programme was conducted by Arun Kumar, former principal of MS College, Motihari.

The full-dress rehearsal concluded successfully as officials completed the final review of the arrangements for the district's main Independence Day ceremony.

## Rajya Sabha row over 'lungiwala' comment against MP

**New delhi, Agency:** CPM MP John Brittas has moved a privilege motion against BJP MP Sushmita Dev, alleging that she addressed him as "lungiwala" during proceedings in Rajya Sabha Monday. Dev denied that she had cast aspersions on attire of any state.Brittas raised the issue in the House Wednesday after listed papers were laid on the table at the start of the day. He said a member targeted him with the "lungiwala" remark while he was moving a statutory resolution against the Income Tax (Amendment) Ordinance, 2026, Monday.

Brittas said the MP came from the treasury benches, stood behind him, disturbed him and started calling him a "lungi wala".

"I'm a proud Indian, South Indian and a proud Malayali... I cherish every moment being a Malayali - our language, culture, cuisine, and of course, our attire," Brittas said.

Making an observation on the issue, Rajya Sabha Chairperson C P Radhakrishnan said he would call the MPs concerned to his chamber to discuss the matter. He also urged MPs to be careful not to hurt the sentiments and feelings of fellow members.

# Use medical tourists' money to treat poor Indians: Panel

**New delhi, Agency:** Revenue earned from foreign patients and affluent Indians should help fund treatment for poorer patients, a Parliamentary Standing Committee on Health and Family Welfare has recommended, proposing that corporate hospitals adopt a cross-subsidisation model to make advanced healthcare more affordable.

The panel said hospitals that benefit from government concessions such as subsidised land, tax incentives and 100% foreign direct investment (FDI) should earmark part of the revenue generated from medical tourism and high-paying patients to provide advanced tertiary care to economically weaker Indians.



The recommendation is part of the committee's report on the affordability and accessibility of healthcare, which noted that India's corporate hospital sector has recorded strong growth driven by high-value procedures, rising medical tourism and increasing revenue per occupied bed. While acknowledging India's emergence as a global healthcare destination, the panel said the benefits of this growth must also reach patients who cannot afford expensive treatment.

Observing that private health insurance penetration in India remains low and out-of-pocket expenditure continues to push many families into financial distress, the committee said a structured cross-subsidy mechanism could improve access to life-saving tertiary care for poorer patients. It said hospitals receiving government support should share part of the gains from medical tourism and premium-paying patients with economically weaker sections.

The panel also recommended that corporate hospitals reserve a defined quota of beds under government-funded health insurance schemes such as Ayushman Bharat PM-JAY at standard package rates to ensure that beneficiaries have access to advanced treatment at leading private hospitals.

To address the uneven distribution of healthcare infrastructure, the committee proposed linking government incentives, including subsidised land, tax benefits and FDI facilitation, to investment in tier-2, tier-3 and rural areas. It also recommended expanding public-private partnerships and extending financial and technology support to smaller hospitals in underserved regions.